UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-184 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) मंगलवार 16 जून 2026 youngbharatE-paper.com

# यूपी के इन जिलों में लगने जा रही हैं बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां

## योगी सरकार के इस फैसले से घर के पास ही मिलेगा रोजगार

( प्रधान सम्पादक )
( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश को देश का सबसे बड़ा औद्योगिक हब बनाने और विकास की रफ्तार को सुपरफास्ट करने की तैयारी अब बेहद तेज हो गई है। प्रदेश की योगी सरकार अब जमीनी स्तर पर ऐसे बड़े-बड़े मेगा प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है, जिससे न केवल राज्य का कायाकल्प होगा बल्कि स्थानीय स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर भी पैदा होंगे।

खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बड़े प्लान को लेकर साफ कर दिया है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के होनहार युवाओं को नौकरी या काम-धंधे की तलाश में दूसरे राज्यों की ठोकरें खाने या फिर सात समंदर पार विदेशों की ओर रुख करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार की नीति साफ है कि राज्य के भीतर ही इतने नए उद्योग और कारखाने स्थापित कर दिए जाएं कि युवाओं को अपनी ही माटी पर शानदार काम मिल सके। इसी कड़ी में गोरखपुर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में औद्योगिक विस्तार को लेकर सरकार ने एक बहुत बड़ा और अचूक ब्लूप्रिंट तैयार किया है। इस पूरे प्लान में



धुरियापार इलाका सबसे अहम केंद्र बनकर उभरा है, जहां कई बड़े निवेश प्रस्तावों पर काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। सरकार धुरियापार क्षेत्र के सुनहरे भविष्य को देखते हुए इसे 'ग्रेटर गीडा' के रूप में चमकाने और विकसित करने की पूरी तैयारी में जुट गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत कई बड़े और नामी उद्योगों को जमीन पर उतारने का पूरा खाका तैयार किया जा चुका है। जैसे ही यह प्रोजेक्ट रफ्तार पकड़ेगा, आस-पास के तमाम ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में औद्योगिक एक्टिविटीज अचानक से बहुत ज्यादा बढ़ जाएंगी, जिसका सीधा और बड़ा फायदा स्थानीय युवाओं को नौकरी के रूप में मिलेगा। मिली जानकारी के अनुसार, ग्रेटर गीडा के इस विशाल कॉरिडोर के भीतर आने वाले समय में बड़ी-बड़ी सीमेंट फैक्ट्रियां, हाई-टेक पावर प्लांट, आधुनिक पेंट बनाने वाले उद्योग और डिस्टलरी जैसे कई बड़े और मल्टी-करोड़ प्रोजेक्ट्स लगाए जाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। धुरियापार इलाके की जो जमीन कभी सालों-साल से बेकार और बंद पड़ी थी, अब उसी जमीन का उपयोग उत्तर प्रदेश की किस्मत बदलने के लिए किया जा रहा है। यहां काफी समय से बंद पड़ी चीनी मिल की बेकार जमीन को अब नए और आधुनिक औद्योगिक प्रोजेक्ट्स के लिए एलॉट कर दिया गया है। इस जमीन पर अब एक बेहद आधुनिक कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट (ष्टक्चत्र) पूरी तरह स्थापित कर दिया गया है, जिससे पूरे पूर्वांचल में ऊर्जा और ग्रीन फ्यूल के क्षेत्र में तरक्की की एक नई खिड़की खुल गई है। सरकार का इस पर साफ तौर पर कहना है कि इस तरह के इको-फ्रेंडली और आधुनिक प्रोजेक्ट आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश को ऊर्जा और भारी उद्योग के क्षेत्र में पूरे देश के भीतर एक मजबूत महाशक्ति बनाने में मदद करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता को भरोसा देते हुए बताया कि धुरियापार और उसके आस-पास के क्षेत्रों में उद्योग लगाने के लिए देश और दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों से हजारों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव लगातार सामने आ रहे हैं। इन तमाम मेगा परियोजनाओं के धरातल पर पूरी तरह उतरने के बाद पूर्वांचल के इलाके में बड़े पैमाने पर डायरेक्ट और इनडायरेक्ट रोजगार के ऐसे अवसर बनेंगे जिसकी पहले कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। इन भारी-भरकम औद्योगिक इकाइयों के शुरू होने से न केवल पढ़े-लिखे नौजवानों को उनकी योग्यता के अनुसार मनचाही नौकरी मिलेगी, बल्कि इसके साथ ही क्षेत्र के छोटे-मोटे कारोबारियों, दुकानदारों और स्थानीय व्यापार को भी एक बहुत बड़ा आर्थिक बूस्ट मिलेगा। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के युवाओं के पलायन के दर्द पर भी बात की। उन्होंने कहा कि एक दौर वह भी था जब उत्तर प्रदेश में रोजगार की भारी कमी थी और बेहतर बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यहां के काबिल नौजवानों को मजबूरन अपना घर-बार छोड़कर दूसरे राज्यों या मुंबई-दिल्ली जैसे महानगरों की ओर पलायन करना पड़ता था।

# जहरीला हो गया है बहुसंख्यक समाज : सांसद जावेद अली

## सपा के राज्यसभा सांसद जावेद अली का विवादित बयान, कहा- हमारी पार्टी की ताकत हैं अल्पसंख्यक

( यंग भारत न्यूज )



सपा सांसद जावेद अली ने बीजेपी पर समाज में विभाजन पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी द्वारा फैलाए गए जहर का असर बहुसंख्यक समाज पर पड़ा है। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद जावेद अली का एक विवादित बयान सामने आया है। रविवार (14 जून 2026) को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में आयोजित समाजवादी पार्टी के पीडीए सम्मेलन के दौरान उन्होंने भाजपा पर समाज में विभाजन पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी द्वारा फैलाए गए जहर का असर देश के बहुसंख्यक समाज पर पड़ा है।

कार्यक्रम में बोलते हुए जावेद अली ने कहा, 'मैं मुरादाबाद या संभल जैसे क्षेत्रों में बात करता हूँ तो लोगों को ज्यादा समझाने की जरूरत नहीं पड़ती है, क्योंकि यहाँ ज्यादातर वो लोग होते हैं, जो एक लंबे अरसे से समाजवादी पार्टी के समर्थक और ताकत रहे हैं। ये लोग मुलायम सिंह यादव के जमाने से साथ देते रहे हैं। इसलिए लोगों को बहुत कुछ समझाना नहीं पड़ता है।' इसके बाद अखिलेश यादव के सांसद ने कहा, 'उन इलाकों में समझाया जाएगा, जहाँ अल्पसंख्यकों की आबादी कम है और बहुसंख्यक ज्यादा तादाद में रहते हैं और भारतीय जनता पार्टी के द्वारा फैलाए गए जहर को बहुसंख्यक आवाम निगलने लगा है और जहरीला हो गया है काफी हद तक। वे यहीं नहीं रुके, जावेद अली ने आगे कहा, 'मैं आरोप नहीं लगा रहा हूँ, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने ऐसा माहौल पैदा कर दिया है कि आज उत्तर प्रदेश और देश के अंदर आपस में, जो कभी एक-दूसरे पर विश्वास होता था, उसमें धर्म के आधार पर काफी कमी आई है और वह विश्वास टूटा है।' बता दें कि जावेद अली यूपी के संभल जिले के मिर्जापुर नसरुल्लापुर के रहने वाले हैं और पहले भी समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं।

## सुर्खियां.............

### जालौन क्षेत्र में पुलिस नही चोर कर रहे हैं गस्त-दो अलग अलग गॉव में दो घरों में हुईं बड़ी चोरियां

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** कोतवाली क्षेत्र में एक ही रात में चोरों ने अलग अलग गांवों में दो घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हुए लाखों ने जेवर व नकदी चोरी कर लिए। गृहस्वामियों की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दलित उत्पीड़न का दो वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

जालौन-उरई। दलित उत्पीड़न के मामले दो वर्ष पुराने मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया है गया है।

### ट्रेक्टर की टक्कर से साइकिल सवार घायल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** उरगांव मार्ग पर साइकिल से जा रहे व्यक्ति के अज्ञात ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण साइकिल सवार घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया हालत गम्भीर होने पर उसे उच्च संस्थान के रिफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम। पहाड़पुरा निवासी किशोरी लाल (55 वर्ष) साईकिल से उरगांव से अपने गांव की ओर जा रहे थे।

# सीएम योगी का बड़ा ऐलान, बुजुर्गों को सरकार देगी 1500 रुपये मासिक पेंशन, महिलाओं को भी मिलेगा लाभ

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों के नाम एक पाती (पत्र) लिखी. उन्होंने कहा कि वृद्धजनों का सम्मान केवल एक संस्कार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और हमारी गौरवशाली सभ्यता की पहचान है.उन्होंने चिंता जताई कि आज परिवारों में दूरियां बढ़ रही हैं और वृद्धाश्रमों की संख्या भी बढ़ रही है.



मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में लिखा कि आज के समय में कई घर सूने होते जा रहे हैं और वृद्धाश्रम बढ़ रहे हैं. यह स्थिति समाज के लिए चिंता का विषय है. उन्होंने कहा कि हमें यह सोचने की जरूरत है कि आखिर ऐसी परिस्थितियां क्यों पैदा हो रही हैं. अपने बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने के लिए जीवनभर मेहनत करने वाले माता-पिता अक्सर उम्र के अंतिम पड़ाव में अकेले पड़ जाते हैं. आज की जीवनशैली में युवा रोजगार के लिए घर से दूर रहते हैं और चाहकर भी अपने वृद्ध माता-पिता की सेवा नहीं कर पाते. ऐसे समय में बुजुर्गों को सबसे ज्यादा अपनेपन और साथ की जरूरत होती है. दुर्भाग्य से कई बार उन्हें अपने ही लोगों के दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है. सीएम ने कहा कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी अपने आदेशों में लोगों को उन मूल्यों और जिम्मेदारियों की याद दिलानी पड़ रही है, जो सनातन संस्कृति का मूल भाव हैं. सीएम योगी ने कहा कि सनातन संस्कृति में माता-पिता और गुरु को साक्षात ईश्वर माना गया है. सीएम ने भगवान शिव, माता पार्वती और उनके पुत्र भगवान गणेश की कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भगवान गणेश ने माता-पिता को ही संपूर्ण सृष्टि मानकर उनकी परिक्रमा की, तब उन्होंने यह संदेश दिया कि माता-पिता के चरणों में ही सभी लोक और तीर्थों का वास है. इसी बुद्धि, श्रद्धा और संस्कार ने उन्हें प्रथम पूज्य होने का गौरव दिलाया. सीएम ने श्रवण कुमार की कथा का भी उल्लेख किया और कहा कि भगवान श्रीराम ने भी माता-पिता का मान रखने के लिए 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया था. मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन केवल धार्मिक रीति-रिवाजों का नाम नहीं है, बल्कि सामाजिक परंपराओं, पारिवारिक संबंधों और जीवन मूल्यों पर आधारित जीवनशैली है. बड़ों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेने की परंपरा इसलिए है क्योंकि वे हमारे अनुभव, संस्कृति और जीवन मूल्यों के सबसे बड़े धरोहर हैं. वृद्धजनों का सम्मान हमारी सभ्यता की पहचान है. सीएम योगी ने कहा कि वृद्धजनों और निराश्रित महिलाओं का सम्मानपूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने उन्हें 1500 रुपये प्रति माह पेंशन देने का निर्णय लिया है. सीएम ने बताया कि निराश्रित महिलाओं को 'आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' और 'मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना' से भी जोड़ा जाएगा, ताकि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें और वे गरिमापूर्ण जीवन जी सकें. इसके अलावा उन्हें 'प्रधानमंत्री आवास योजना' और 'मुख्यमंत्री आवास योजना' का लाभ भी दिया जाएगा.

## कर्तव्यहीनता कर रहे सीएमओ ने नहीं की कोई ठोस कार्यवाही, सीएम की जीरो टॉलरेंस की नीति का यहां कोई प्रभाव नहीं

# जिले के कुछ मानकविहीन घटिया निजी अस्पताल लगातार मार रहे हैं मरीजों को, और लूट रहे तीमारदारों को

## महीना तो पहले से ही बांधे है सीएमओ कार्यालय, 0 जब किसी की मौत हो जाती तो तगड़ी घूस जाती है सीएमओ कार्यालय में



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** जनपद जालौन में संचालित निजी नर्सिंग होम और अस्पताल एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं। बीते कुछ दिनों के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रसव, ऑपरेशन और उपचार के दौरान मरीजों की मौत तथा गंभीर लापरवाही के कई मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और निजी अस्पतालों की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि लगातार घटनाओं के बावजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) और जिला प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। जिले के ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में बड़ी संख्या में निजी नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई अस्पतालों के पास न तो पर्याप्त चिकित्सकीय संसाधन हैं और न ही प्रशिक्षित स्टाफ। कई स्थानों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता नहीं है, फिर भी गंभीर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। प्रसव और ऑपरेशन जैसी जटिल चिकित्सकीय प्रक्रियाएं भी ऐसे अस्पतालों में की जा रही हैं जहां आवश्यक उपकरण, आईसीयू, ब्लड बैंक और आपातकालीन सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। हाल ही में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुई घटनाओं में महिलाओं और नवजात शिशुओं की मौत के मामले सामने आए हैं। परिजनों ने अस्पताल संचालकों और चिकित्सकों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। कई मामलों में हंगामा हुआ, शिकायतें दर्ज कराई गईं और जांच की मांग उठी, लेकिन अब तक किसी बड़ी कार्रवाई का सामने न आना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि जिले में कई नर्सिंग होम बिना मानकों के संचालित हो रहे हैं। यदि समय-समय पर प्रभावी निरीक्षण किए जाएं तो अनेक अस्पतालों की वास्तविक स्थिति उजागर हो सकती है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जिन अस्पतालों में लगातार शिकायतें मिल रही हैं, उनके लाइसेंस और पंजीकरण की स्थिति की जांच क्यों नहीं की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग का दायित्व है कि वह निजी अस्पतालों की नियमित निगरानी करे और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराए। लेकिन लगातार सामने आ रही घटनाओं से यह प्रतीत होता है कि निरीक्षण व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित है। जिले में चर्चा है कि यदि समय रहते कठोर कार्रवाई की जाती तो कई घटनाओं को रोका जा सकता था। जनता यह भी जानना चाहती है कि जिन अस्पतालों में मरीजों की मौत हुई है, वहां जांच की स्थिति क्या है। क्या जिम्मेदार चिकित्सकों और अस्पताल संचालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई प्रस्तावित है? क्या स्वास्थ्य विभाग ने घटनाओं की निष्पक्ष जांच कराई है? ऐसे अनेक सवाल हैं जिनका जवाब अभी तक आम लोगों को नहीं मिल पाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही का सीधा संबंध मानव जीवन से होता है, इसलिए किसी भी प्रकार की अनियमितता को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। निजी अस्पतालों के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि मानकों का पालन नहीं हो रहा है तो संबंधित संस्थानों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आवश्यक है।

जनपद जालौन में लगातार सामने आ रही घटनाओं ने स्वास्थ्य व्यवस्था की निगरानी प्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। अब आवश्यकता इस बात की है कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग बिना किसी दबाव के निष्पक्ष जांच कराए, दोषियों को चिन्हित करे और मानकविहीन अस्पतालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे। अन्यथा मरीजों की जान जोखिम में डालकर चल रहे ऐसे अस्पताल भविष्य में और बड़ी घटनाओं का कारण बन सकते हैं। जनता की मांग है कि जिले में संचालित सभी निजी नर्सिंग होमों का व्यापक सत्यापन कराया जाए, उनके पंजीकरण, चिकित्सकीय सुविधाओं और स्टाफ की जांच की जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। आखिरकार सवाल केवल नियमों का नहीं, बल्कि लोगों के जीवन और स्वास्थ्य सुरक्षा का है।

- सीएमओ ने जनता को यह बताना जरूरी नही समझा कि जिले में कितने रजिस्टर्ड निजी अस्पताल हैं यह जरूरी इस कारण भी की जनता उन अपंजीकृत और घटिया संस्थानों के चंगुल में फंसने से बचे रहें
- सत्ताधारी नेता और जनप्रतिनिधि क्यों हैं खामोश?
- लगातार हो रही घटनाओं से निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर सवाल
- सीएमओ और जिला प्रशासन की निष्क्रियता पर जनता में नाराजगी
- बिना पंजीकरण और संसाधनों के संचालित हो रहे कई नर्सिंग होम
- मौतों का जिम्मेदार कौन, जवाब मांग रहे पीड़ित और समाज

# भाईचारे के साथ मनाएं पर्व, समस्या या विवाद की स्थिति में प्रशासन को सूचित करें: एसडीएम

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने की। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु, ताजियादार, जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।एसडीएम ने पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने लोगों से प्रशासन द्वारा निर्धारित विंदुओं का पालन करने और अफवाहों से दूर रहने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं, किसी भी समस्या या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस और प्रशासन को सूचित करें ताकि समय रहते समाधान हो सके।बैठक में उपस्थित क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि मोहर्रम पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है और सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सीओ ने नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की। उपस्थित लोगों ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, मंडी चौकी



प्रभारी नीतीश कुमार, सुरही चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह, खेड़ा चौकी प्रभारी शिवनारायण, सागर चौकी से सुमित पांडे, शुभम परमार,अशोक वर्मा,ईओ नपा मोनिका उमराव, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, आरिफ अली शाह,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय लोहिया, बल्लन अग्रवाल, मुस्तकीम, नईम खान,अनवर घडी, फईम काजी, रामजी गुप्ता,कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, मुश्ताक पठान, रिजवान, नफीस, फिरोज, अशोक गुर्जर, विद्युत विभाग के लिपिक सूरज कुशवाहा आदि के अलावा जियो कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और ताजिएदार भी मौजूद रहे।

### सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ही शांति पूर्वक निकालें जाएं ताजिया जुलूस: थानाध्यक्ष

कोंच नदीगांव में आगामी मोहर्रम के त्योहार को लेकर थाना परिसर में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक में नगर के दोनों समुदायों के जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे। थाना प्रभारी शशिकांत सिंह चौहान ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा, विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सरकार की गाइड लाइन के अनुसार ही शांति पूर्वक जुलूस निकालें। कोई नई परंपरा न अपनाएं। उन्होंने ताजियों के जुलूस को लेकर ताजियादारों से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताया कि जुलूस के दौरान जगह जगह पुलिस बल तैनात रहेगा और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। जुलूस मागों की निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी न होने पाए। प्रशासन ने सोशल मीडिया को लेकर भी सख्त रुख अपनाया है, अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भड़काऊ पोस्ट, फर्जी खबर या अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विवाद की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते स्थिति को संभाला जा सके। इस दौरान एसएसआई राजकुमार चौधरी, एसआई सुनील सैनी, उदय यादव, सचिन खरे, जमील खां, शाकिर खान, मुश्ताक खान, सादिक, अशफाक नईम, मोनू, रज्जफ, रिजवान आदि मौजूद रहे।

# जालौन क्षेत्र में पुलिस नही चोर कर रहे हैं गस्त-दो अलग अलग गॉव में दो घरों में हुईं बड़ी चोरियां

## पुलिस का वजूद कोतवाली तक सीमित, चोरो ने संभाला मोर्चा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** कोतवाली क्षेत्र में एक ही रात में चोरों ने अलग अलग गांवों में दो घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हुए लाखों ने जेवर व नकदी चोरी कर लिए। गृहस्वामियों की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी चतुर सिंह कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात वह पत्नी के साथ अपने कमरे में सोने चले गए। उनके भाई अनिल व कुलदीप बिजली न आने पर करीब रात 11 बजे छत पर सोने चले गए। घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद कर दिया।करीब लगभग 12 बजे बिजली आने के बाद कूलर चलने लगा और सभी लोग गहरी नींद सो गए। मध्य रात्रि के बाद अज्ञात चोरों ने उनके कमरे को बाहर से बंद कर दिया और दूसरे कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे 50 हजार रुपये नकद समेत सोने की मनचली, मंगलसूत्र, कान के बाला, ओम का पेंडल व चांदी पायल, करधोनी, बिछिया आदि चोरी कर ले गए। सुबह जब छोटा भाई कुलदीप लघुशंका के लिए नीचे आया तो चोरी की घटना की जानकारी हुई और उसने परिवार के सभी सदस्यों को जगाया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और ग्रामीणों से जानकारी ली। छिरिया मलकपुरा छिरिया चौकी प्रभारी आलोक पाल ने बताया कि चोरी की घटना की सूचना मिली है, जांच की जा रही है। इसी रात चोरों ने चोरी की एक और बड़ी वारदात को अंजाम दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी मालखान दोहरे ने बताया रात में परिवार के सदस्यों के सो जाने के बाद अज्ञात चोर घर में घुस आए। चोरों ने अलमारी व संदूक का ताला तोड़कर सोने का हार, अंगूठी और एक जोड़ी कुंडल समेत 65 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। पीड़ित परिवार ने चोरी हुए सामान की कीमत करीब 6 लाख रुपये बताई है। चोरी की सूचना पर पुलिस ने मौके का मुआयना कर जानकारी की। साथ ही पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

# दलित उत्पीड़न का दो वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** दलित उत्पीड़न के मामले दो वर्ष पुराने मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया है गया है।

उपनिरीक्षक रामकिशोर ने 2024 में दर्ज के दलित उत्पीड़न के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त अंकित कुमार रवि कुमार निवासी कुठौंदा बुजुर्ग से गांव से उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह गांव में घूम रहा था। पकड़े अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# ट्रेक्टर की टक्कर से साइकिल सवार घायल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** उरगांव मार्ग पर साइकिल से जा रहे व्यक्ति के अज्ञात ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण साइकिल सवार घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया हालत गम्भीर होने पर उसे उच्च संस्थान के रिफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम। पहाड़पुरा निवासी किशोरी लाल ( 55 वर्ष ) साईकिल से उरगांव से अपने गांव की ओर जा रहे थे। उरगांव पर अज्ञात तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने उनकी साईकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर कर घायल हो गए। सड़क दुर्घटना में घायल को राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया है। घटना के बाद ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस व परिजनों को दे दी है।

# अलग-अलग दो जगह हुए सड़क हादसो में तीन गंभीर रूप से घायल

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया।पहली घटना उरई रोड स्थित मलंगा पुल के पास हुई। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अंडा निवासी सुरेन्द्र पुत्र छत्रसाल और गजराज पुत्र मुन्नी मोटरसाइकिल से कोंच बाजार से खरीदारी कर अपने गांव अंडा लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी स्कुटी व मोटरसाइकिल की टक्कर हुई और उनकी बाइक से टकरा गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन असंतुलित होकर सुरेन्द्र की मोटरसाइकिल से टकरा गई जिससे वह सड़क पर गिर गए। हादसे में सुरेन्द्र और गजराज घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल दोनों को सीएचसी कोंच पहुंचाया। अस्पताल में डॉ. गौर की देखरेख में दोनों का उपचार



किया गया।

वहीं दूसरी घटना कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम कुँवरपुरा के पास हुई। सरावन थाना गोहन निवासी शबाना पत्नी आबिद अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से एट कस्बे में एक गमी कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं।तभी रास्ते में अचानक मोटरसाइकिल का टायर पंचर हो गया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया और शबाना सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।हादसे के बाद पति आबिद और स्थानीय राहगीरों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस की सहायता से घायल महिला को सीएचसी कोंच पहुंचाया गया,

जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया गया।दोनों घटनाओं के बाद अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। पुलिस को भी घटनाओं की सूचना दे दी गई है।

# भदवा में एक किलोमीटर संपर्क मार्ग गड्ढों में हुआ तब्दील, पानी की टंकी के पास कूड़े का अम्बार

## ग्रामीण हैं परेशान , कोई नही है सुनवाई

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत भदवा में पानी की टंकी के पास गंदगी और भदवा स्टैंड से गांव तक जाने वाला करीब एक किलोमीटर लंबा संपर्क मार्ग जगह-जगह गड्ढों में तब्दील होने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने डीएम से समस्या का समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीण प्रेम कुमार वर्मा, अमर रजक, जाकिर हुसैन, राघवेंद्र पाल, रामवीर वर्मा, अजीत कुमार आदि ने बताया कि गांव में बनी पानी की टंकी के आसपास लंबे समय से गंदगी फैली हुई है। नियमित साफ-सफाई न होने के कारण वहां दुर्गंध बनी रहती है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा



भी बना हुआ है। इसके अलावा भदवा स्टैंड से गांव को जोड़ने वाला लगभग एक किलोमीटर लंबा लिंक मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनमें बारिश होने पर पानी भर जाता है। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा प्रदेशभर में गड्ढा मुक्त सड़क अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन भदवा गांव की इस सड़क पर उसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। आरोप है कि संबंधित विभाग द्वारा केवल खानापूर्ति की जाती है, जबकि सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। ग्रामीणों ने डीएम से मांग की है कि पानी की टंकी के आसपास नियमित साफ-सफाई कराई जाए और भदवा स्टैंड से गांव तक की जर्जर सड़क का शीघ्र निर्माण या मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके

# कोंच के बाजार में दिन दहाड़े महिला के साथ टप्पेबाजी-जेवरातों से भरा पर्स कर दिया, पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खांगाले

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** बाजार में खरीदारी करने आई एक महिला का पर्स अचानक गायब हो गया। पर्स में नकदी और आभूषण रखे होने से महिला सन्न रह गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच की।जानकारी के अनुसार ग्राम ककरौली निवासी धर्मेंद्र कुमार अपनी पत्नी ऊषा के साथ कोंच बाजार में खरीदारी करने आए थे। बताया गया कि महिला चूड़ी बाजार



स्थित एक दुकान से चूड़ी आदि सामान खरीदने के बाद पास में खड़े अपने पति के पास पहुंची। इसी दौरान जब उसने अपना पर्स देखा तो वह गायब मिला। महिला ने वापस दुकान पर जाकर पर्स तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद पति ने तत्काल यूपी 112 पर सूचना की। जानकारी मिलते ही यूपी 112 और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और महिला से पूछंताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी। महिला ने बताया कि पर्स में चार हजार रुपये की नगदी के अलावा सोने का ओम और चांदी की दो जंजीरें रखी हुई थीं। पति ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। क्या कहा सीओ ने सीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। महिला पर्स गिरने या कहीं छूट जाने की स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही है। पुलिस बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# तीन युवकों ने घर में घुस परिवार के लोगों के साथ गाली गलौज कर मारपीट की

( यंग भारत न्यूज )

जालौन-उरई। मोहल्ले के तीन युवकों ने घर पर जाकर परिवार के लोगों के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गणेशजी निवासी ज्योति पत्नी रामजी याज्ञिक ने बताया कि सोमवार की सुबह उनका परिवार घर पर था। उसी समय मोहल्ले के प्रिंस, अभिषेक व मयंक आ गये तथा उनसे तथा उनकी पुत्री राशि पुत्र अर्पित व सास ससुर के साथ गाली गलौज करने लगे जब मना किया तो इन लोगों ने मारपीट कर दी। जब वह लोग चिल्लाये तो ये लोग जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ गाली-गलौज व मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

# न्यायालय के मुख्य द्वार पर वाटर कूलर लगवाए जाने की अधिबक्ताओं ने की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच( जालौन )** बार एशोसिएशन के अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह गुर्जर एवं महामंत्री अवनीत कुमार श्रीबास्तव ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी को एक पत्र देते हुए बताया कि न्यायालय सिविल जूनियर डिवीजन में दूर दराज से वादकारी व अधिबक्तागण आकर पानी के लिए परेशान होते हैं क्योंकि इस भीषण गर्मी में न्यायालय परिसर में शीतल जल की कोई व्यबस्था नहीं है जिस पर अध्यक्ष व महामंत्री ने पालिका परिषद के अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी से न्यायालय के मुख्य द्वार के बगल में एक वाटर कूलर लगवाए जाने की मांग की है जिससे आने बाले लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके।

# भाजपा सरकार में पीडीए आरक्षण के 11,514 पदों की हुई लूट : दीपराज गुर्जर

## 22 भर्ती परीक्षाओं में आरक्षण घोटाले का आरोप, सपा ने जारी किए आंकड़े

### - 2027 में सत्ता में आने पर होगी जांच, दोषियों को भेजा जाएगा जेल : सपा नेता

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** समाजवादी पार्टी ने भाजपा सरकार पर पीडीए (पिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक) वर्ग के आरक्षण में बड़े पैमाने पर अनियमितता करने का आरोप लगाया है। सोमवार को सपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने दावा किया कि भाजपा सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल में विभिन्न विभागों की भर्तियों में पीडीए आरक्षण के 11,514 पदों पर लूट हुई है।

दीपराज गुर्जर ने कहा कि वर्ष 2019 से अब तक 22 भर्ती परीक्षाएं प्रभावित हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 69 हजार शिक्षक भर्ती में 7,933 पदों समेत विभिन्न विभागों की भर्तियों में आरक्षण व्यवस्था का उल्लंघन किया गया। उन्होंने वन एवं वन्यजीव रक्षक भर्ती, बांदा कृषि विश्वविद्यालय भर्ती, एडेड जूनियर हाईस्कूल शिक्षक भर्ती, ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती, नेत्र परीक्षण अधिकारी भर्ती, कनिष्ठ सहायक भर्ती और प्रवर्तन कांस्टेबल भर्ती सहित कई चयन प्रक्रियाओं में अनियमितताओं का आरोप लगाया। सांसद नारायण दास अहिरवार ने कहा कि वर्ष 2024 की विभिन्न भर्तियों में भी आरक्षण के पदों पर कथित रूप से अतिक्रमण किया गया। वहीं पूर्व मंत्री श्रीराम पाल ने लेखपाल, पशु चिकित्सक, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी तथा चिकित्सा अधिकारी भर्तियों में आरक्षण प्रभावित होने का आरोप लगाया। पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि वर्ष 2026 की कई भर्तियों में भी पीडीए वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय हुआ है। प्रदेश सचिव वीरेंद्र सिंह यादव ने 69 हजार शिक्षक भर्ती को सबसे बड़ा आरक्षण घोटाला बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार लगातार संविधान और आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। सपा नेताओं ने कहा कि पीडीए समाज अब आरक्षण से जुड़े मुद्दों को समझ चुका है और आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका जवाब देगा। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर कथित आरक्षण घोटालों की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। प्रेसवार्ता में सांसद नारायण दास अहिरवार, पूर्व मंत्री श्रीराम पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र बजरिया, जमालुद्दीन, पूर्व चेयरमैन गुलाब सिंह जाटव, महेश शिरोमणि, मान सिंह वर्मा, वीरेंद्र सिंह यादव, समर सिंह चौहान, अजहर बेग, दीपू त्रिपाठी, ज्ञानू निरंजन, जीवन प्रताप वाल्मीकि, रामेन्द्र त्रिपाठी, रश्मि पाल, महिला मंच की जिलाध्यक्ष कुसुम सक्सेना शैलेन्द्र श्रीवास, इमरान उल्ला, सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह का भव्य शुभारंभ, स्वस्थ एवं निरोगी जीवन का दिया संदेश



### -जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजकीय मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम से किया शुभारंभ

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह कार्यक्रम का जनपद जालौन में भव्य शुभारंभ राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों को योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करता है। उन्होंने सभी से नियमित योग करने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली एवं बढ़ते तनाव के बीच योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के दौरान जनपद के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर योग संबंधी विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम में प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा योगाभ्यास एवं प्राणायाम का प्रदर्शन किया गया तथा उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासनों के लाभों की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# भूमि विवादों के गंभीर मामलों में टास्क फोर्स समिति गठित, समयबद्ध निस्तारण होगा सुनिश्चित - जिलाधिकारी

### जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई कर दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, आपूर्ति, पेंशन, भूमि विवाद एवं अन्य विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी तथा प्रत्येक प्रकरण का मौके पर सत्यापन कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त भूमि विवाद संबंधी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों, जिनमें बार-बार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं अथवा जिनमें राजस्व एवं पुलिस विभाग दोनों की संयुक्त जांच आवश्यक है, उनके त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए टास्क फोर्स समिति गठित किया जाएगा। यह टीम मौके पर जाकर तथ्यात्मक जांच करेगी तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि भूमि कब्जा, पैमाइश, रास्ता विवाद, बैनामा संबंधी विवाद एं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण जैसे मामलों को प्राथमिकता के आधा पर निस्तारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर पिता-पुत्र ने पेश की मिसाल

### - महेश अग्रवाल ने 24वीं बार, पुत्र ने पहली बार किया रक्तदान

### - सेवा और संस्कार की अनूठी तस्वीर ने किया लोगों को प्रेरित

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,जालौन ।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। समाजसेवी महेश अग्रवाल ने 24वीं बार रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया, जबकि उनके पुत्र ने पहली बार रक्तदान कर इस नेक कार्य की शुरुआत की।

पिता-पुत्र की इस जोड़ी ने रक्तदान के महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश दिया। शिविर में मौजूद लोगों ने दोनों के इस कदम की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। महेश अग्रवाल लंबे समय से रक्तदान अभियान से जुड़े हुए हैं और जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए नियमित रूप से रक्तदान करते रहे हैं। इस बार उनके पुत्र ने भी रक्तदान कर मानवता की सेवा के इस अभियान में अपना योगदान दिया। विश्व रक्तदाता दिवस पर पिता-पुत्र द्वारा किया गया रक्तदान लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। उपस्थित लोगों ने कहा कि यदि हर परिवार से एक व्यक्ति भी नियमित रूप से रक्तदान करे तो किसी भी जरूरतमंद को रक्त के अभाव में परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। रक्तदान शिविर में मौजूद लगों ने दोनों को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीव की कामना की। लोगों का कहना था कि यह केवल रक्तदान नहीं, बल्कि समाज सेवा और मानवीय मूल्यों की ऐसी मिसाल है, जो अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करेगी।

# पति ने गर्भवती महिला को पीटा, घर से निकाला– पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद जालौन के कालपी क्षेत्र से दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक गर्भवती महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर मारपीट, शारीरिक शोषण और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुरारा वार्ड नंबर 8 निवासी आशना गुप्ता का विवाह 14 मार्च 2026 को कालपी के गणेश गंज निवासी शिवम गुप्ता के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ ही दिनों बाद पति शिवम गुप्ता, ससुर राजेंद्र गुप्ता, सास रजनी, देवर सत्यम और देवरानी मांसी ने मिलकर दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आए दिन सोने की चेन, मोटरसाइकिल, कूलर और वॉशिंग मशीन जैसी मांगों को लेकर मारपीट की जाती रही। पीड़िता ने अपने प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि उसने अपने पति को एक अन्य महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा, जिसका विरोध करने पर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। इतना ही नहीं, गर्भवती होने के बावजूद उसे कमरे में बंद कर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया तथा जबरन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया गया। घटना ने उस वक्त और गंभीर रूप ले लिया जब मारपीट के बाद पीड़िता को घर से निकाल दिया गया और साफ कह दिया गया कि जब तक दहेज नहीं लाएगी, उसे घर में प्रवेश नहीं मिलेगा। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने अपने परिजनों को बुलाया तो उल्टा पति ने ही उसके खिलाफ कोतवाली कालपी में झूठी शिकायत दर्ज करा दी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है। उसने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। फिलहाल पुलिस ने मामे की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। अब देखना यह होगा कि पीड़िता को न्याय कब तक मिल पाता है और आरोपियों पर क्या कार्रवाई होती है।

# उरई-जालौन स्टेट हाईवे पर दर्दनाक हादसाः ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** उरई-जालौन स्टेट हाईवे पर रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा और पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सत्यनारायण तिवारी (68 वर्ष) पुत्र निवासी सूरजपुरा, मोहल्ला फर्दनवीस नगर, जालौन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह किसी कार्य से ट्रैक्टर लेकर जा रहे थे। इसी दौरान उरई-जालौन स्टेट हाईवे पर नर्सिंग रिसॉर्ट के समीप ट्रैक्टर अचानक असंतुलित हो गया और सड़क से उतरकर खाई में जा गिरा। देखते ही देखते वाहन पलट गया और चालक उसके नीचे दब गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग और राहगीर मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। दुर्घटना की भयावहता के चलते सत्यनारायण तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण ट्रैक्टर का अनियंत्रित होकर खाई में गिरना बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र में भी इस हादसे को लेकर शोक और संवेदना का माहौल बना हुआ है।

# दर्दनाक सड़क हादसाः अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ।** जनपद के माधोगढ़ कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 22 वर्षीय गौरव दोहरे पुत्र निवासी रौन, जिला भिंड ( मध्य प्रदेश ) के रूप में हुई है। बताया गया है कि गौरव किसी पारिवारिक अथवा सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जालौन जनपद के टीहर-अमेरी गांव आया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह रविवार रात बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गौरव सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और युवक की मदद का प्रयास किया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। युवक की असमय मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही फरार वाहन चालक की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वर्चुअल जनसुनवाई में एसपी ने कसी अधीनस्थों पर लगाम

### शिकायतों के त्वरित समाधान के दिये निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण को लेकर पुलिस अधीक्षक जालौन ने सोमवार को गूगल मीट के माध्यम से जिले के क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ वर्चुअल जनसुनवाई की। इस दौरान विभिन्न थानों और पुलिस कार्यालयों में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों की समीक्षा की गई।जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण गुणवत्ता, पारदर्शिता और निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस के पास आने वाला प्रत्येक व्यक्ति न्याय की उम्मीद लेकर आता है, इसलिए उसकी शिकायत को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना और हल किया जाना चाहिए।एसपी ने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि पीड़ितों को समय पर राहत मिल सके और पुलिस के प्रति जनता का विश्वास मजबूत हो।वर्चुअल बैठक के दौरान लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई तथा थाना प्रभारियों को जनसुनवाई से संबंधित प्रकरणों के नियमित अनुश्रवण के निर्देश दिए गए।

# अलग अलग घटनाओं में तीन लोग हुए घायल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )** कहीं मोटर साइकिल का टायर पंचर होने से मोटर साइकिल असंतुलित होकर गिर गयी जिससे मोटर साइकिल सवार घायल हो गया कहीं आपस मे मोटर साइकिलों की भिंडन्त में मोटर साइकिल सवार घायल हो गए जिन्हें तत्काल ही मौके मौजूद लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।


प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अंडा निवासी सुरेंद्र पुत्र छत्रसाल और गजराज पुत्र मुन्नी मोटरसाइकिल से बाजार से खरीददारी कर वापस अपने ग्राम लौट रहे थे और जैसे ही उरई रोड स्थित मलंग पुल के पास पहुंचे तभी उनकी मोटरसाइकिल दूसरी ओर से आ रही स्कूटी से टकरा गई जिससे दोनों बाहन असंतुलित हो गए और सड़क पर गिर गए जिसमें सुरेंद्र व गजराज घायल हो गए मौके पर मौजूद राहगीरों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया वही दूसरी घटना ग्राम कुंवरपुरा के पास की है जहां थाना गोहद के ग्राम सरावन निवासी आबिद अपनी पत्नी शबाना के साथ कस्बा एट में घटित एक गमी में शामिल होने के लिए जा रहे थे तभी अचानक से मोटरसाइकिल का टायर पंचर हो गया और वहां नियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए जिसमें शबाना सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे मौके पर मौजूद राहगीरों ने पति आबिद के सहयोग के साथ एम्बुलेंस को सूचना दी और एम्बुलेंस के द्वारा घायल शबाना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया वहीं पुलिस घटित घटनाओं की जांच में जुटी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

## 20 दिन पहले बनी दुल्हन का उजड़ गया सुहाग

(यंग भारत न्यूज)

**माधौगढ़ (जालौन)।** माधौगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार रात हुए भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। माधौगढ़-ऊंचा रोड पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई, जबकि मृतकों के घरों में कोहराम मच गया। मृतकों में एक युवक की शादी महज 20 दिन पहले हुई थी और दूसरे युवक के माता-पिता तथा भाइयों का भी रो-रोकर बुरा हाल है।




**रात करीब 9 बजे हुआ हादसा**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 9 बजे गौरव पुत्र स्वर्गीय रविंद्र (22 वर्ष) तथा भीम सिंह उर्फ बोरे पुत्र रामेश्वर (25 वर्ष) निवासी ग्राम विसवारी मछण्ड, जिला भिंड (मध्य प्रदेश) बाइक से माधौगढ़ से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान माधौगढ़-ऊंचा मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों और एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद गौरव को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल भीम सिंह उर्फ बोरे को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया। हालत अत्यधिक नाजुक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर किया गया, लेकिन झांसी ले जाते समय रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया।

**बुझ गया घर का इकलौता चिराग**

सड़क दुर्घटना में मृत गौरव अपने पिता स्वर्गीय रविंद्र का इकलौता पुत्र था। करीब 15 वर्ष पूर्व उसके पिता की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। पति के निधन के बाद मां सावित्री देवी ने संघर्षों के बीच अपने इकलौते बेटे का पालन-पोषण किया और उसे बड़ा किया था। लेकिन रविवार की रात हुई दुर्घटना ने वृद्ध मां की जिंदगी का सहारा छीन लिया। जिस बेटे के सहारे उसने अपना जीवन काटने के सपने देखे थे, वही अचानक काल के गाल में समा गया। गांव में हर कोई यह कहता नजर आया कि 'गरीब मां के जीवन का इकलौता चिराग बुझ गया।'

**20 दिन पहले हुई थी शादी, नवविवाहिता की उजड़ी मांग**

गौरव की शादी अभी महज 20 दिन पहले, 26 मई 2026 को रागिनी निवासी भटपुरा, लहार, जिला भिंड (मध्य प्रदेश) के साथ संपन्न हुई थी। नवविवाहिता के हाथों की मेहंदी का रंग अभी फीका भी नहीं पड़ा था कि उसके सुहाग पर काल का साया पड़ गया। शादी के बाद नए जीवन के सपने संजो रही रागिनी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पति की मौत की खबर सुनते ही वह बदहवास हो गई। परिजनों के अनुसार, पूरे परिवार में मातम का माहौल है और नवविवाहिता की चीख-पुकार सुनकर हर किसी की आंखें नम हो गईं।

**मां और बहन का रो-रोकर बुरा हाल**

गौरव की मां सावित्री देवी और उसकी विवाहित बहन मुस्कान का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों दहाड़े मारकर रो रही हैं और बार-बार बेहोश हो जा रही हैं। मां बार-बार अपने बेटे का नाम लेकर विलाप कर रही है, जबकि बहन अपने इकलौते भाई की मौत से बेसुध है। परिवार का करुण क्रंदन सुनकर गांव का माहौल गमगीन हो गया।

**चार भाइयों में सबसे छोटा था भीम सिंह**

दूसरे मृतक भीम सिंह उर्फ बोरे अपने माता-पिता के चार पुत्रों में सबसे छोटे थे। उनके बड़े भाई बीपी सिंह, दीपू और धर्मेंद्र अपने छोटे भाई की मौत से गहरे सदमे में हैं। मां केशकली का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पिता रामेश्वर की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे। वह बार-बार अपने बेटे का नाम लेकर विलाप कर रहे हैं।

परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, भीम सिंह मिलनसार और मेहनती युवक था, जिसकी असामयिक मौत ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है।

**अवैध खनन से जुड़े ओवरलोड ट्रैक्टर पर उठे सवाल**

घटना के बाद मृतकों के घरों पर जुटे ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश की सीमा से जालौन क्षेत्र में आने वाले बालू और मिट्टी से भरे ओवरलोड तथा बेलगाम ट्रैक्टरों की आवाजाही लंबे समय से जारी है और इन्हीं में से किसी वाहन की टक्कर से यह हादसा हुआ है। हालांकि, अभी तक इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है कि दुर्घटना किस वाहन की टक्कर से हुई। पुलिस भी इस मामले में जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

**पुलिस ने जांच शुरू की**

माधौगढ़ कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत हुई है। घटना के संबंध में जांच की जा रही है तथा दुर्घटना करने वाले वाहन की पहचान कर उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**गांव में पसरा मातम**

एक ही दुर्घटना में दो युवकों की मौत से विसवारी मछण्ड गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। एक ओर वृद्ध मां का इकलौता सहारा छिन गया, तो दूसरी ओर एक नवविवाहिता की मांग का सिंदूर उजड़ गया। वहीं दूसरे परिवार ने अपना सबसे छोटा बेटा खो दिया। पूरे गांव में हर आंख नम है और हर जुबान पर एक ही सवाल है—आखिर इन दो जिंदगियों का जिम्मेदार कौन है?

# विधायक मूलचंद निरंजन ने प्रधान मंत्री की 12 वर्षों की उपलब्धियां गिनायीं

## डबल इंजन की भाजपा सरकार ने अंतिम पायदान पर खड़े पात्रों को लाभान्वित कराया - मूलचंद्र

(यंग भारत न्यूज)

**माधौगढ़ (जालौन)** तहसील के ब्लाक माधौगढ़ के सभागार में में उत्तर प्रदेश सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उलब्धियां बताने एक विशालकाय बैठक का आयोजन क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन के मुख्य आतिथ्य एवं ब्लॉक प्रमुख मोहित चिंतामन दोहरे की अध्यक्षता में किया गया मुख्य अतिथि श्री निरंजन ने कहा कि लगातार तीसरी पंचवर्षीय में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जो भरोसा दिया था उसपर खरा उतरे है। जिससे लोगों में उनके प्रति विश्वास की भावना पैदा हुई है। देश के 22 राज्यों में एनडीए की सरकारें सुशासन और विकास को गती दे रही है। पीएम सम्मान निधि से किसानों में बड़ी राहत महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि सबका साथ और सबका विकास और सबका विश्वास का जो नारा दिया गया है। उससे अखिरी व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा है। लाभार्थियों को सीधे उनके खाते में पैसा पहुंच रहा है। जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगी है। सर्जिकल स्ट्राईक और एयर स्ट्राईक जैसी कार्रवाइयों से देश का मान बढ़ा है। अब विकसित भारत तैयार हो रहा है। जनधन योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले गये है। जिसमें 32 करोड़ से अधिक महिलाओं के खाते है। अब तक 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन दिया गया है। आयुष्मान भारत योजना में 80 करोड़ से ज्यादा हेल्थ कार्ड बनाये गये है। पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों को पक्के मकान दिये गये है। उज्ज्वला योजना, जलजीवन मिशन, स्वच्छभारत मिशन से करोड़ों लोगों को लाभ पहुंचा है। पीएम सम्मान निधि लखपति दीदी योजना, सुकन्या योजना, सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से बड़ा लाभ पहुंचा है। प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना, प्रधान मंत्री कृषि सिचाई योजना, राष्ट्रीय राज्य मार्ग योजना, रेलवे का अधुनिकी करण जैसी अनेकों योजनाएं लागू की गयी है। तीर्थ योजनाओं का विकास किया गया है। प्रधान मंत्री को 32 अंतर्रराष्ट्रीय सम्मान मिले सर्वाधिक कार्यकाल तक प्रधान मंत्री बने रहने का सौभाग्य प्राप्त किया है। ब्लॉक प्रमुख मोहित चिंतामन दोहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। जनधन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। महेश प्रताप सिंह राजावत विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा सशक्त हुए हैं तथा देश तेजी से विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। सड़क, रेलवे, हवाई अड्डों, मेट्रो नेटवर्क, डिजिटल कनेक्टिविटी और सिंचाई परियोजनाओं में हुए विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश के आधारभूत ढांचे में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। साथ ही सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, राष्ट्रीय गौरव और आत्मनिर्भर भारत अभियान की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। मंच से विकास, सुशासन, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भर भारत के सपनों की तस्वीर दिखाई गई वहीं क्षेत्रीय विधायक ने ब्लॉक परिसर में पहुंचते ही मां शारदे का दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की तो वहीं लगे विभिन्न स्टालों को परखा तो वहीं दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की दो नौनिहालों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन करवाया वहीं सहायक विकास अधिकारी आईएसबी मनोज कुमार वर्मा एपीओ बाबू पंकज सक्सेना ने विधायक समेत अन्य अतिथियों को बुकें देकर सम्मानित किया कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित बादल हरौली ने किया आभार सहायक विकास विस्तार संजय कुमार श्रीवास ने जताया इस मौके पर प्रबल प्रताप सिंह राजावत शत्रुघ्न सिन्ह सेंगर रघुवर सिंह कमलापति कुशवाहा मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह देवेन्द्र सिंह शिवम् सिंह अमित मोहित सिंह ज्योतिष कुरौती राहुल राठौर मनोज तिवारी अमरेन्द्र सिंह रामू परिहार रामू तिवारी मनोज एपीओ सुनील शर्मा नौशाद अली एडीओ अंकित सिंह पंकज सक्सेना बाबू अमित गुर्जर अजय सिंह अभिषेक सुमित यादव रोहित वर्मा विवेक गौड़ शरद कुमार इंद्रपाल सिंह संजय श्रीवास दौलत सिंह धांकरे समेत अन्य भाजपाईयों के साथ सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे हैं



# उरई विधायक गौरीशंकर वर्मा ने किया सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

(यंग भारत न्यूज)

**उरई।** जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क संपर्क व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उरई सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने ग्राम औंता से कारंबाबा तक बनने वाले संपर्क मार्ग का विधिवत भूमिपूजन किया। लगभग तीन किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण पर 2 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत आएगी।



भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। विधायक ने कहा कि अच्छी सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी, वहीं किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को भी सीधा लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए लगातार नई परियोजनाएं स्वीकृत कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री सिंह हसनपुर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, समरजीत पाल, जितेंद्र अटरिया, राम गुप्ता, उमेश तिवारी सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# कालूराम प्रजापति बने सुभासपा के कालपी विधानसभा चुनाव प्रभारी

**- राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के निर्देश पर मिली जिम्मेदारी**
**- समर्थकों ने माल्यार्पण कर दी बधाई, संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प**

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने वरिष्ठ नेता कालूराम प्रजापति को 220 कालपी विधानसभा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।साथ ही चुनाव सह प्रभारी डॉ आश्रय सिंह कों बनाया गया।



पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के निर्देश पर उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पहुंचे और माल्यार्पण कर बधाई दी। समर्थकों ने उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में सहकारी संघ के अध्यक्ष श्याम करन प्रजापति, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीण सिंह जादौन, वीरेंद्र प्रजापति, रमेश प्रजापति, रामसेवक प्रजापति, त्रिलोकी प्रजापति, संदीप प्रजापति, अभिषेक प्रजापति सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे। नवनियुक्त चुनाव प्रभारी कालूराम प्रजापति ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते ुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदाी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि कालपी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

# इंस्पेक्टर अरुण कुमार राय हत्याकांड मे आरोपी महिला सिपाही मीनाक्षी शर्मा झांसी जेल शिफ्ट

(यंग भारत न्यूज)

**उरई।** जिले के चर्चित इंस्पेक्टर अरुण कुमार राय हत्याकांड से जुड़ी एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। हत्या के आरोप में पिछले छह माह से उरई जिला कारागार में निरुद्ध महिला सिपाही मीनाक्षी शर्मा को झांसी जेल स्थानांतरित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि उरई जेल में जेल प्रशासन के साथ हुए विवाद के बाद यह कार्रवाई की गई।

अब मीनाक्षी शर्मा को झांसी जेल में रखा जाएगा और वहीं से उसे जालौन के जिला एवं सत्र न्यायालय, उरई में पेशी के लिए लाया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 18 जून को निर्धारित है, जिस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। गौरतलब है कि 5 दिसंबर 2025 को कुठौंद थाने में तैनात इंस्पेक्टर अरुण कुमार राय की गोली लगने से मृत्यु हो गई थी। इस घटना ने पूरे पुलिस महकमे में सनसनी फैला दी थी। इंस्पेक्टर की पत्नी की तहरीर पर महिला सिपाही मीनाक्षी शर्मा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जहां वह पिछले छह महीनों से बंद है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी पक्ष की ओर से उच्च न्यायालय, प्रयागराज में जमानत के लिए प्रयास किए गए, लेकिन अभी तक कोई राहत नहीं मिल सकी है। जमानत याचिका पर सुनवाई लंबित होने के कारण मीनाक्षी शर्मा न्यायिक अभिरक्षा में बनी हुई है। यह मामला जालौन जिले के सबसे चर्चित और संवेदनशील मामलों में शामिल है। आगामी 18 जून की सुनवाई में मामले से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर न्यायालय में चर्चा होने की संभावना है, जिससे पूरे घटनाक्रम पर एक बार फिर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

# भारत विकास परिषद की माधौगढ़ शाखा का गठन, नए पदाधिकारियों की घोषणा

(यंग भारत न्यूज)

**माधौगढ़।** भारत विकास परिषद बुंदेलखंड प्रांत के अंतर्गत आज नई माधौगढ़ शाखा का गठन किया गया। प्रांत के अति सक्रिय साथी एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष महावीर शरण सरावगी के विशेष प्रयासों से नई शाखा का गठन संभव हो सका। इस अवसर पर उनके योगदान की उपस्थित सदस्यों द्वारा बार-बार सराहना एवं प्रशंसा की गई।



कार्यक्रम में निर्वतमान अध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता एवं सचिव प्रिन्स द्विवेदी ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा भारत विकास परिषद के विभिन्न सेवा एवं संस्कार आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। नई कार्यकारिणी में अंकित कस्तवार को अध्यक्ष, हर्षित रेजा को सचिव तथा शिवम कनकने को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। भारत विकास परिषद बुंदेलखंड प्रांत के प्रांतीय महासचिव नन्द गोपाल अग्रवाल ने भी नवगठित माधौगढ़ शाखा एवं उसके पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि नई टीम परिषद के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# पचनद संगम पर सोमवती अमावस्या स्नान के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

(यंग भारत न्यूज)

**उरई।** जनपद में स्थित बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थस्थल पंचनद संगम पर सोमवती अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यमुना, चंबल, सिंध, कुआरी और पहूज नदियों के पवित्र संगम पर हजारों श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त से ही आस्था की डुबकी लगाई और सुख-समृद्धि तथा परिवार की खुशहाली की कामना की।



दूर-दराज के जनपदों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंचनद पहुंचे। सोमवती अमावस्या के धार्मिक महत्व को देखते हुए संगम क्षेत्र में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, दान-पुण्य और पूजा-अर्चना करने से विशेष पुण्यफल प्राप्त होता है तथा पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने संगम तट पर स्थित प्राचीन पीपल वृक्ष की परिक्रमा कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने पीपल वृक्ष पर कच्चा सूत बांधकर परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर में विराजमान श्री बाबा साहब मुकुंद वन के दर्शन कर प्रसाद अर्पित किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। पंचनद क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। पांच नदियों के संगम से निर्मित विशाल जलराशि, दूर तक फैले रेतीले तट, हरित वनस्पतियां और शांत वातावरण ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराया। सूर्योदय की लालिमा में चमकती जलधारा और लहरों की मधुर ध्वनि ने संगम की दिव्यता को और बढ़ा दिया। दिनभर संगम क्षेत्र में धार्मिक अनुष्ठान, दान-पुण्य और पूजा-पाठ का क्रम चलता रहा। श्रद्धालुओं ने पंचनद को बुंदेलखंड की आध्यात्मिक एवं प्राकृतिक धरोहर बताते हुए इसके संरक्षण और विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

# सोमवती अमावस्या पर सुहागिनो ने व्रत रखकर पीपल एवम तुलसी की पूजा की

(यंग भारत न्यूज)

**कोंच** नगर में सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ व्रत एवं पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि तथा पति की दीर्घायु की कामना की। सुबह से ही नगर के विभिन्न पूजा स्थलों पर स्थित पीपल वृक्षों के पास महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। महिलाएं पूजा की थाली, श्रृंगार सामग्री, फल,फूल, मिष्ठान और अन्य पूजन सामग्री लेकर पूजा स्थल पहुंचीं।धार्मिक मान्यता के अनुसार सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व होता है, क्योंकि यह अमावस्या सोमवार के दिन पड़ती है। इस दिन भगवान शिव की पूजा के साथ पीपल एवं तुलसी वृक्ष की परिक्रमा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन किए गए दान-पुण्य और धार्मिक कार्यों से भगवान भोलेनाथ की कृपा प्राप्त होती है तथा घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास बना रहता है।



महिलाओं ने पीपल वृक्ष पर जल अर्पित किया, रोली-चंदन का तिलक लगाया और दीप प्रज्वलित कर पुष्प, श्रीफल, मिष्ठान एवं पकवान अर्पित किए। इसके बाद विधि-विधान से पूजा संपन्न कर पीपल वृक्ष के चारों ओर 108 परिक्रमा की। कई महिलाओं ने परिक्रमा के दौरान रक्षा सूत्र भी वृक्ष पर बांधा।तथा गले लगकर सुख समृद्ध की कामना की।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है और वैवाहिक जीवन में सुख एवं स्थिरता बनी रहती है।पूजा-अर्चना के दौरान महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर अपने पति के उत्तम स्वास्थ्य, लंबी आयु और परिवार के कल्याण की प्रार्थना की। पूरे आयोजन में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। महिलाओं द्वारा किए गए सामूहिक पूजन और परिक्रमा ने नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल पैदा कर दिया। सोमवती अमावस्या के इस पर्व पर श्रद्धालुओं ने धर्म-कर्म और पूजा-पाठ के माध्यम से पुण्य लाभ अर्जित किया।

# 3 घंटे तक लाश के सामने प्रेमी के साथ., आधी रात बीएफ के साथ मिलकर पति को उतारा मौत के घाट..

( यंग भारत न्यूज )

बागपत के नौरोजपुर गुर्जर गांव से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आ रहा है. ये खबर जानने के बाद आपको एक बार फिर से सोनम और मुस्कान जैसी पत्नियां याद आने वाली हैं. दरअसल, शुक्रवार रात, रचना ने अपने प्रेमी सोनू के साथ मिलकर अपने पति सचिन की हत्या कर दी.बागपत के नौरोजपुर गुर्जर गांव से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आ रहा है. ये खबर जानने के बाद आपको एक बार फिर से सोनम और मुस्कान जैसी पत्नियां याद आने वाली हैं. दरअसल, शुक्रवार रात, रचना ने अपने प्रेमी सोनू के साथ मिलकर अपने पति सचिन की हत्या कर दी. उन्होंने इसे कीटनाशक के संपर्क में आने से हुई स्वाभाविक मौत दिखाने की कोशिश भी की. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है. लेकिन इस घटना के बाफ प्रेमी फरार हो गया.आपकी जानकारी के लिए बता दें कि नौरोजपुर गुर्जर गांव के रहने वाले नवीन ने इस बात की जानकारी दी कि शनिवार सुबह 3:33 बजे उनके भाई सचिन की



पत्नी ने उन्हें फोन किया. रचना ने उन्हें इस बात की जानकारी दी कि शुक्रवार को खेतों में कीटनाशक का छिड़काव करने के बाद सचिन बीमार पड़ गए थे और उनकी हालत काफी बिगड़ गई थी. जिसके चलते परिवार वाले सचिन को बरौत के एक प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें कहीं और रेफर कर दिया. इसके बाद उन्हें दूसरे अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. वहीं फिर शनिवार सुबह, गर्दन पर निशान देखकर परिवार को इस बात का शक हुआ कि ये कोई सामान्य मौत नहीं है. जिसके बाद घरवालों ने पड़ोसी के घर का सीसीटीवी फुटेज देखा. फुटेज में एक युवक रात 10:00 बजे सचिन के घर में घुसते और सुबह 3:28 बजे वहां से बाहर निकलते हुए दिखाई दिया. एसपी सूरज कुमार राय ने इस बात की जानकारी दी कि जब पुलिस ने रचना से पूछताछ की, तो पहले तो वो यही कहती रही कि उसके पति की मौत कीटनाशक के संपर्क में आने से हुई है. लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने सारा सच उगल दिया और बताया कि अपने प्रेमी सोनू के साथ मिलकर उसने अपने पति की हत्या की है. सिर्फ यही नहीं रचना ने बताया कि उसके प्रेमी ने शुक्रवार को नशीली गोलियां दी थीं, जिन्हें उसने खीर में मिलाकर अपने पति को खिला दिया था. जब वो सो गए, तो उसने अपने प्रेमी को बुलाया और दोनों ने मिलकर बेरहमी से युवक की हत्या कर दी. इतना ही नहीं रचना ने इस बात की जानकारी दी कि उसने इंस्टाग्राम के जरिए सोनू से बातचीत शुरू की थी, वहीं फिर नंबर एक्सचेंज किए और बातचीत जारी रखी. उसने बताया कि वो अपने पति से परेशान थी, जो उसके साथ काफी मारपीट करता था. शुक्रवार को उसके प्रेमी ने नशीली गोलियां दीं, जो उसने अपने पति को खिला दीं. योजना को अंजाम देने के लिए रचना ने दरवाजा खुला रखा, ताकि मौका मिलते ही उसका प्रेमी अंदर आ सके. आधी रात के करीब, उन्होंने तकिए से सचिन का चेहरा और गर्दन दबाकर उनकी हत्या कर दी. इसके बाद, दोनों लगभग साढ़े तीन घंटे तक घर के अंदर ही रहे

# दुबई का शेख 15 करोड़ दे तो...', इस हसीना ने सरेआम खोल दी अपनी कीमत! भड़के सोशल मीडिया यूजर्स

( यंग भारत न्यूज )

सोशल मीडिया की जानी-मानी इनफ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा एक बार फिर से काफी ज्यादा चर्चा में आ गई है। 370 की बिरयानी को लेकर जो बवाल हुआ वह पहले ही थमने का नाम नहीं ले रहा है और अब इसी बीच अपूर्वा का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है।



अपूर्वा मखीजा का विवादों से गहरा नाता है। उनका एक वीडियो इस समय काफी वायरल हो रहा है और इसमें वह कंप्रोमाइज करने के लिए तैयार हैं ऐसा कहती हुई नजर आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वह किसके लिए और कितने में यह कंप्रोमाइज करने के लिए तैयार हो सकती हैं।

अपूर्वा का जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह पुराना है और इसमें वह कहती है कि 'मैं ?2 के रोल के लिए किसी के साथ नहीं सोऊंगी। अगर कोई दुबई का शेख 10 से 15 करोड रुपए फेंक कर मारेगा तो शायद सोच सकती हूं। लेकिन किसी रोल के लिए नहीं। अपूर्वा ने इस वायरल हो रहे वीडियो में यह भी बताया कि किस तरीके से एक कास्टिंग डायरेक्टर ने उनको अप्रोच किया था और उसकी बात सुनकर उन्हें खतरा महसूस हुआ था। उन्होंने अपनी मैनेजर का उस कास्टिंग डायरेक्टर को नंबर दे दिया था और इस बातचीत को उनकी एक दोस्त ने सुन लिया था। उसे लगता है कि अपूर्व किसी को डेट कर रही है। अब लोग इस बात पर सवाल उठा रहे हैं कि अपूर्वा ने इतना बोल्ड स्टेटमेंट दिया और उसके बावजूद भी उन्हें लगातार ब्रांड एंडोर्समेंट के साथ-साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म के प्रोजेक्ट्स भी हासिल हो रहे हैं। लेकिन दूसरी तरफ 370 की बिरयानी वाले कमेंट की वजह से हिमांशु को उनकी कंपनी ने ही नौकरी से निकाल दिया था। वैसे तो इससे पहले भी अपूर्वा कई सारे विवादों में रह चुकी हैं। इंडियाज गॉट लेटेंट शो में उनके कॉमेंट्स पर खूब आलोचना की गई थी। उन्होंने एक कंटेस्टेंट पर हमला भी किया था और इसके बाद में उन्हें रेप के साथ जान से मारने की धमकी भी मिली थी। इस वजह से उनके परिवार को भी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा।

# नाम बदला, मज़हब छुपाया. 'रिया' बनकर हिंदू युवक से की शादी, सुहागरात से पहले खुली 'यासमीन' की पोल! रामपुर में लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार.

( यंग भारत न्यूज )

**रामपुर।** प्रदेश के रामपुर में रिया बनकर हिंदू युवक से शादी करने वाली लुटेरी दुल्हन यासमीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस कई दिनों से उसकी तलाश कर रही थी। यह मामला उस समय सुर्खियों में आया जब यह पता चला कि बरेली की रहने वाली यासमीन ने असली पहचान छुपाकर एक युवक से शादी की और शादी के बाद घर से कीमती सामान लेकर भागने की कोशिश कर रही थी। सिविल लाइन पुलिस ने यासमीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी कर ली है। उसकी पहचान बरेली की यासमीन पत्नी माहिर अली के रूप में हुई है, जो थाना व कस्बा आवला के मुहल्ला सैयादान की रहने वाली है। पुलिस ने बताया कि वह एक



लुटेरी दुल्हन है, जिसने शादी के बाद घर से कीमती जेवर और सामान लेकर फरार होने का प्रयास किया था, लेकिन सफल नहीं हो सकी। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने कहा कि यासमीन ने अपने को रिया गुप्ता बताकर फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल किया था। उसकी गिरफ्तारी के बाद पता चला कि वह अपने दो साथियों, राम सिंह और कल्लू के साथ मिलकर इस तरह की ठगी की वारदात को अंजाम दे रही थी। सिटी सिविल लाइन्स क्षेत्र के नादरबाग निवासी पुनीत कुमार सब्जी विक्रेता हैं। उनके पिता का निधन हो चुका है और घर में बुजुर्ग मां, एक भाई (तरुण) और बहन की शादी हो चुकी है। पुनीत का कहना है कि उसकी शादी के लिए उसके मौसा विजय सिंह ने अपने दोस्त कल्लू से संपर्क किया था। कल्लू गजरौला गांव का निवासी है, जिसने ही राम सिंह से मिलकर लड़की दिखाने का आयोजन किया। 11 जून को, एक लाख रुपये लेकर, पुनीत और उसके मौसा बरेली गए और लड़की को देखा। लड़की ने अपना नाम रिया गुप्ता बताया, लेकिन उसने फर्जी आधार कार्ड दिखाया, जिससे शक नहीं हुआ। बाद में, लड़की का नाम यासमीन सामने आया। शादी के बाद, 12 जून को घर में रस्में हुईं। शादी के सात फेरे लेने के बाद, सुहागरात से पहले ही यासमीन घर का सामान लेकर भागने की कोशिश करने लगी, लेकिन घर में मौजूद रिश्तेदारों के कारण वह सफल नहीं हो सकी। घर में ही विवाद होने पर, उसने अपनी पोल खोलते हुए अपना नाम यासमीन और बरेली का निवासी बताई। जबरदस्ती घर से जाने की कोशिश करने पर उसे पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने यासमीन को थाने पर बुलाकर पूछताछ की। सिविल लाइन थाना प्रभारी ओमकार सिंह ने बताया कि महिला बरेली के थाना व कस्बा आवला के मुहल्ला सैयादान की रहने वाली है। उसके खिलाफ ठगी और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल, महिला पुलिस हिरासत में है और उसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा जाएगा।

# साहब, 24 लड़कियां आ रही हैं...' सबकी सब बेहद खूबसूरत हैं, मैंने फोटो भेजी है देख लीजिए, जिसके बाद एयरपोर्ट पर...

( यंग भारत न्यूज )

साहब! वो 24 लड़कियां हैं...' सबकी सब बेहद खूबसूरत हैं। सबने नैरोबी (केन्या) से अपनी फ्लाइट बुक कराई है और अगले छह से सात घंटे में वे मुंबई एयरपोर्ट पहुंचने वाली हैं।




मैंने आपके फोन पर एक फोटो भेजी है, देख लीजिए... ये लड़कियां आपकी किस्मत बदल देंगी। यह किसी फिल्म की स्क्रिप्ट नहीं बल्कि देश की सबसे बड़ी आर्थिक खुफिया एजेंसी डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) के एक अफसर के मोबाइल पर आई एक गुप्त सूचना (इंटेल) थी। फोन करने वाले मुखबिर ने अपनी बात में खूबसूरत और किस्मत जैसे रहस्यमयी कोड वर्ड्स का इस्तेमाल किया था जिसने सुरक्षा अधिकारियों के कान खड़े कर दिए। अफसरों को तुरंत समझ आ गया कि इन कोड वर्ड्स के पीछे अंतरराष्ट्रीय तस्करी की कोई बहुत बड़ी और खतरनाक साजिश छिपी है। वहीं मुखबिर से यह इनपुट मिलते ही डीआरआई के वरिष्ठ अधिकारी तुरंत अलर्ट मोड पर आ गए। चूंकि फ्लाइट को मुंबई पहुंचने में बहुत कम समय बचा था इसलिए बिना एक पल गंवाए एजेंसी ने इस खुफिया इनपुट को खंगालना और डेवलप करना शुरू कर दिया। आनन-फानन में डीआरआई की कई स्पेशल टीमों को तुरंत मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए रवाना किया गया। एयरपोर्ट पहुंचते ही सुरक्षा बलों ने इस मिशन को एक खास कोडनेम दिया— 'ऑपरेशन धहाबू ब्लिट्ज')।

अंतरराष्ट्रीय तस्करों को भनक न लगे इसके लिए डीआरआई ने बेहद शातिर और अचूक रणनीति तैयार की। केन्या के नैरोबी शहर से मुंबई आने वाली सभी संभावित फ्लाइट्स का पूरा डेटा निकाला गया। जिन-जिन एयरोब्रिज (जहां से यात्री विमान से बाहर आते हैं) पर ये फ्लाइट्स लैंड होने वाली थीं वहां डीआरआई के जवान सादे कपड़ों में आम मुसाफिरों की तरह मुस्तैद हो गए।


वहीं डीआरआई की इस त्वरित और सूझबूझ भरी कार्रवाई ने साफ कर दिया कि भारत की सीमाएं अवैध तस्करी करने वालों के लिए अभेद्य हैं। मुखबिर द्वारा भेजे गए फोटो और यात्रियों की लिस्ट का मिलान करके संदिग्धों को दबोचने का जाल पूरी तरह बिछ चुका था। फिलहाल एजेंसी द्वारा आगे की कार्रवाई में इस रैकेट के पास से करोड़ों रुपये के प्रतिबंधित सामान या सोने की खेप बरामद होने की संभावना जताई जा रही है जिसकी आधिकारिक घोषणा जल्द की जाएगी।

# सक्षम का भाई मेरे साथ.', प्रेमी की लाश संग शादी करने वाली आंचल ने अचानक क्यों छोड़ा ससुराल? देवर पर लगाए गंभीर आरोप

( यंग भारत न्यूज )

महाराष्ट्र के नांदेड़ से पिछले साल सामने आए चर्चित ऑनर किलिंग मामले में एक नया और चौंकाने वाला मोड़ आ गया है. अपने प्रेमी की हत्या के बाद उसकी लाश के साथ विवाह रचाकर पूरे देश में सुर्खियों में आई आंचल मामिडवार ने अपना ससुराल छोड़ दिया है.

आंचल ने अपने दिवंगत प्रेमी सक्षम ताटे के भाई पर बेहद गंभीर और सनसनीखेज आरोप लगाए हैं. आंचल का कहना है कि ससुराल में उसके साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया गया और सक्षम के भाई की उस पर गंदी नजर थी, जिसके कारण उसे मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा. आंचल ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि सक्षम के परिवार के सदस्य ने उनके साथ अनुचित व्यवहार किया, जिसके बाद उन्होंने वहां से निकलने का फैसला किया. हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि सक्षम के प्रति उनका प्रेम आज भी पहले जैसा ही है और उस प्यार में कोई बदलाव नहीं आया है. आंचल ने अपने बयान में कहा, 'मैं पूरी ईमानदारी से उनके घर गई थी. मैंने उन्हें वचन भी दिया था. सक्षम का भाई मेरे साथ ठीक व्यवहार नहीं कर रहा था. उसकी मेरे प्रति गलत नीयत थी. वह मुझे छूने की कोशिश करता था. मैंने इसकी शिकायत उसकी मां और परिवार के अन्य सदस्यों से की थी, लेकिन किसी ने मेरी बात पर विश्वास नहीं किया.आंचल ने आगे अपनी सुरक्षा और गरिमा को लेकर कहा, 'फिर एक दिन मैंने सोचा कि जब इतनी बार बताने के बाद भी उन्हें मुझ पर भरोसा नहीं है, तो अगर भविष्य में मेरे साथ कोई बड़ी गलत घटना हो जाती है, तब वे मेरी बात पर कैसे विश्वास करेंगे? इसी वजह से मैंने वहां से निकलकर अपने घर वापस आने का फैसला किया.'आंचल के मुताबिक, उन्होंने इस पूरे मामले की जानकारी सक्षम के माता-पिता को भी दी थी, लेकिन उनकी बात पर विश्वास नहीं किया गया. आंचल ने बताया कि हालात ऐसे बन गए कि उन्हें घर छोड़ना पड़ा और अब वह



अपने एक रिश्तेदार के यहां रह रही हैं. जब वह घर से निकलीं, तो सक्षम की मां उन्हें छोड़ने भी नहीं आई थीं. आंचल ने इस बात का भी दावा किया कि उन्होंने पुलिस की जानकारी और अनुमति के बाद ही घर छोड़ा है. पुलिसकर्मी खुद उसे सुरक्षित उसके रिश्तेदार के घर छोड़कर गए. गौरतलब है कि सक्षम ताटे की हत्या के बाद आंचल को सुरक्षा कारणों से पुलिस प्रोटेक्शन दिया गया था. आंचल ने यह भी आरोप लगाया कि उनके घर छोड़ने को लेकर समाज में गलत जानकारी फैलाई जा रही है. उन्होंने कहा, 'यह कहा जा रहा है कि मैं उनके घर से भागकर आई हूं या फिर अपनी दादी की तबीयत का बहाना बनाकर आई हूं, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है. इस बारे में एसपी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को पूरी जानकारी है कि मैं किन कारणों से वहां से आई हूं.' पिछले वर्ष 27 नवंबर को सक्षम ताटे की कथित तौर पर आंचल के पिता और भाइयों ने मिलकर हत्या कर दी थी. पुलिस जांच के अनुसार, आंचल के परिजन दोनों के अंतरजातीय प्रेम संबंध के खिलाफ थे और इसी वजह से इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया गया था. इस ऑनर किलिंग ने पूरे महाराष्ट्र समेत देश को हिलाकर रख दिया था. प्रेमी सक्षम की हत्या के बाद आंचल ने समाज की परवाह न करते हुए सक्षम के पार्थिव शरीर (लाश) से विवाह किया था और उसे अंतिम विदाई दी थी. इसके बाद वह सक्षम के परिवार के साथ रहने लगी थीं और खुद को उसकी पत्नी मानते हुए जीवन बिताने का फैसला किया था. हालांकि, आंचल के इन ताजा आरोपों पर फिलहाल सक्षम ताटे के परिवार की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है.

# हाथ जोड़े और कान पकड़कर मांगी माफी... आईपीएस अजय पाल शर्मा को हेकड़ी दिखाने वाले टीएमसी नेता जहांगीर खान की बेबसी देख हर कोई चौंका!

( यंग भारत न्यूज )

बंगाल से बेहद ही चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है. यहां तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर और चर्चित नेता जहांगीर खान का एक ताजा वीडियो सोशल मीडिया पर जंगल की आग की तरह वायरल हो रहा है. इस वीडियो में टीएमसी नेता का जो हाल दिख रहा है, उसने राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है. रसूखदार नेता को पुलिस अभिरक्षा में बिल्कुल बेबस और लाचार स्थिति में देखा जा रहा है. वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि टीएमसी नेता जहांगीर खान हाफ नेकर (हाफ पैंट) और शर्ट पहने हुए हैं. पुलिस की भारी मुस्तैदी और कड़े घेरे के बीच उन्हें




इलाके के भीतर पैदल चलाकर उनकी परेड कराई जा रही है. इस दौरान जहांगीर खान वहां मौजूद आम जनता और पुलिस के सामने हाथ जोड़ते नजर आ रहे हैं. इतना ही नहीं, वीडियो में वह बाकायदा अपने दोनों कान पकड़कर माफी मांगते हुए भी दिखाई दे रहे हैं. यह वही जहांगीर खान हैं, जिनका उत्तर प्रदेश के सिंघम और 'एन्काउंटर स्पेशलिस्ट' माने जाने वाले आईपीएस (आईपीएस) अधिकारी अजय पाल शर्मा के साथ पुराना और बेहद चर्चित विवाद रहा है. यह पूरा मामला बंगाल चुनाव के वक्त का है, जब यूपी कैडर के आईपीएस अजय पाल शर्मा को चुनाव आयोग ने ऑब्जर्वर के रूप में तैनात किया था. उस दौरान ड्यूटी पर तैनात आईपीएस अजय पाल शर्मा और टीएमसी नेता जहांगीर खान के बीच जमकर जुबानी जंग हुई थी. जहांगीर खान ने तब भारी रसूख दिखाते हुए पुलिसिया कार्रवाई का विरोध किया था और ऑन-कैमरा आईपीएस अधिकारी से सीधे भिड़ गए थे. उस वक्त दोनों के बीच हुई तीखी बहस का वीडियो राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में छाया रहा था. बंगाल चुनाव के समय आईपीएस अजय पाल शर्मा के सामने हेकड़ी दिखाने वाले और यूपी पुलिस के रडार पर रहे जहांगीर खान का आज यह हाल देखकर हर कोई हैरान है. कभी पुलिस को आंखें दिखाने वाले नेता को आज खुद हाफ नेकर में पुलिस के घेरे के बीच कान पकड़कर माफी मांगनी पड़ रही है. इस ताजा वीडियो ने उनके पुराने विवादों की यादें एक बार फिर ताजा कर दी हैं.

# लखनऊ लूटकांड का खुलासा: सीआरपीएफ दरोगा 20 दिन की छुट्टी लेकर फरार, चौकी इंचार्ज सस्पेंड

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** चिनहट क्षेत्र में निवेश के नाम पर हुई लूट के मामले में फरार चल रहे सीआरपीएफ के दारोगा जय प्रकाश सिंह पर अन्य जगहों पर धोखाधड़ी समेत अन्य आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनकी जानकारी पुलिस जुटा रही है।

यही नहीं मामला तूल पकड़ने जय प्रकाश पर 20 दिन की छुट्टी लेकर फरार हो गया। दूसरी ओर मामले में लापरवाही और संदिग्ध भूमिका को लेकर कमता चौकी इंचार्ज मोहित कुमार को निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लूटकांड का खुलासा होने के बाद चिनहट पुलिस ने जय प्रकाश सिंह का आपराधिक रिकार्ड खंगालना शुरू किया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि उसके खिलाफ फ्राड समेत अन्य मामलों के मुकदमे दर्ज हैं। अब पुलिस संबंधित जिलों और थानों से पत्राचार कर मुकदमे का पूरा ब्योरा जुटा रही है, ताकि उसका विस्तृत आपराधिक इतिहास तैयार किया जा सके। जांच में यह भी सामने आया है कि 11 जून को मामला तूल पकड़ने के बाद जय प्रकाश सिंह 13 जून को अपने कैंप



पहुंचा और वहां से 20 दिन की छुट्टी लेकर चला गया। फिलहाल वह कहां है, इसकी स्पष्ट जानकारी किसी के पास नहीं है।

पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि छुट्टी के दौरान उसने किन-किन स्थानों की यात्रा की और उसके विभाग ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई शुरू की है या नहीं। इसके लिए संबंधित विभाग से संपर्क किया जा रहा है। उधर, मामले में कमता चौकी इंचार्ज मोहित कुमार के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने उच्चाधिकारियों को भेजी थी। रिपोर्ट के आधार पर डीसीपी पूर्वी डॉ. दीक्षा शर्मा ने रविवार देर शाम मोहित कुमार को निलंबित कर दिया। साथ ही पूरे प्रकरण की विभागीय जांच एसीपी गोमतीनगर को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान एक और चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार सिपाही पूरन सिंह ने बड़ी संख्या में लोगों से उधार ले रखा था, जिनमें करीब 80 प्रतिशत पुलिसकर्मी शामिल बताए जा रहे हैं। किसी से उसने 50 हजार रुपये तो किसी से एक लाख रुपये तक उधार लिया था। बताया जा रहा है कि वह यह रकम कहीं निवेश करता था। कुछ लोगों ने उसके सट्टेबाजी में शामिल होने की भी चर्चा की है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि लूटकांड में पीएसी का एक बर्खास्त सिपाही भी शामिल था। उसकी तैनाती किस बटालियन में रही और किन कारणों से उसे सेवा से बर्खास्त किया गया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। पूछताछ में पूरन सिंह ने बताया कि उक्त व्यक्ति ने अपनी पहचान छिपाने के लिए 'विनय' नाम का इस्तेमाल किया था, ताकि पकड़े जाने पर उसकी असली पहचान सामने न आ सके। पुलिस अब उसकी वास्तविक पहचान और आपराधिक गतिविधियों का ब्योरा जुटाने में लगी है।

# मैक्स हॉस्पिटल वैशाली ने बुंदेलखंड के मरीजों की सफलता की कहानियों के माध्यम से रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के बदलावकारी प्रभाव को किया रेखांकित

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी** । एडवांस्ड रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के ?लाइफ लाइफ चेंजिंग बेनिफिट्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली ने आज एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के ऑर्थोपेडिक्स एवं रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी विभाग के डायरेक्ट, डॉ. अखिलेश यादव उपस्थित रहे। उनके साथ झांसी की श्री शरद शिवहरे (60) और श्रीमती लक्ष्मी सिंह (60) भी मौजूद रहीं, जिन्होंने मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली में सफलतापूर्वक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी करवाई और अब सक्रिय तथा पेन-फ्री ?लाइफ जी रहे हैं।

इसी तरह, श्री शरद शिवहरे वर्ष 2024 से दोनों घुटनों में गंभीर आर्थराइटिस की समस्या से जूझ रहे थे। उन्हें चलने-फिरने में कठिनाई होती थी और रात में असहनीय दर्द का सामना करना पड़ता था। स्थिति बिगड़ने के साथ सामान्य गतिविधियां भी चुनौतीपूर्ण हो गई थीं। उन्होंने रोबोटिक बाइलेटरल टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी करवाई, जिसमें अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक की मदद से इम्प्लांट की अत्यंत सटीक पोजिशनिंग और जॉइंट बैलेंसिंग सुनिश्चित की गई। सर्जरी और रिहैबिलिटेशन के बाद उनकी गतिशीलता और जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। श्रीमती लक्ष्मी सिंह भी वर्ष 2020 से दोनों घुटनों के एडवांस्ड ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित थीं। लगातार दर्द और सीमित गतिशीलता के कारण उनकी स्वतंत्रता और रोजमर्रा की गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं। बाइलेटरल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद उनकी कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ और वे आराम से चलने-फिरने के साथ दैनिक कार्यों को आत्मविश्वास के साथ करने लगीं। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के ऑर्थोपेडिक्स एवं रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी विभाग के डायरेक्ट, डॉ. अखिलेश यादव ने कहा, 'जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की वास्तविक सफलता केवल एक्स-रे या सर्जिकल परिणामों से नहीं मापी जाती, बल्कि उससे मापी जाती है कि मरीज अपनी सामान्य जिंदगी में लौटकर कितना आत्मविश्वास और खुशी हासिल करते हैं। रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी ने ऑर्थोपेडिक उपचार को नई दिशा दी है। यह तकनीक अत्यंत सटीक इम्प्लांट प्लेसमेंट और मरीज की जरूरतों के अनुरूप सर्जिकल प्लानिंग की सुविधा देती है। इससे जॉइंट की कार्यक्षमता बेहतर होती है, रिकवरी तेज होती है और घुटना अधिक प्राकृतिक महसूस होता है। किसी मरीज को फिर से स्वतंत्र रूप से चलते हुए और दर्द के कारण छोड़ी गई गतिविधियों को दोबारा करते देखना किसी भी सर्जन के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि होती है।' घुटनों का आर्थराइटिस बुजुर्गों में विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। लगातार दर्द, अकड़न और गतिशीलता में कमी के कारण लोग अपनी दैनिक गतिविधियों को सीमित करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। हालांकि, रोबोट- असिस्टेड जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी में हुई प्रगति ने अत्यधिक व्यक्तिगत और सटीक उपचार को संभव बनाया है। इससे इम्प्लांट की बेहतर पोजिशनिंग, तेज रिकवरी और लंबे समय तक बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। यह तकनीक सर्जन की विशेषज्ञता को कंप्यूटर-गाइडेड प्लानिंग के साथ जोड़कर जॉइंट की सही अलाइनमेंट और संतुलन सुनिश्चित करती है, जिससे मरीजों को बेहतर कार्यात्मक परिणाम और अधिक संतुष्टि मिलती है। डॉ. अखिलेश यादव ने आगे कहा, 'बहुत से लोग यह मानकर घुटनों के दर्द को सहते रहते हैं कि यह बढ़ती उम्र का सामान्य हिस्सा है, जबकि ऐसा नहीं है। आज रोबोट-असिस्टेड जॉइंट रिप्लेसमेंट प्रोसीजर्स आर्थराइटिस और गतिशीलता संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए सुरक्षित, प्रभावी और अत्यंत सटीक समाधान प्रदान करती हैं। समय पर उपचार से वर्षों की विकलांगता को रोका जा सकता है और जीवन की गुणवत्ता में बड़ा सुधार लाया जा सकता है। जिन लोगों को लगातार घुटनों में दर्द, सूजन, अकड़न, विकृति या चलने-फिरने में कठिनाई हो रही है, उन्हें विशेषज्ञ से जल्द परामर्श लेकर उपलब्ध उपचार विकल्पों पर विचार करना चाहिए।' ये सभी मामले ?एडवांस्ड ऑर्थोपेडिक देखभाल के क्षेत्र में मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली की विशेषज्ञता और अत्याधुनिक तकनीक तथा मल्टीडिसिप्लिनरी क्लिनिकल उत्कृष्टता के माध्यम से विश्वस्तरीय उपचार प्रदान करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा की अनोखी पहल: आमजन की सुविधा के लिए खुला 'जन-सहयोग केंद्र

## लक्ष्मीगेट बाहर स्थित कार्यालय पर मिल रही सरकारी दस्तावेजों से जुड़ी हर सहायता, ग्रामीणों को भागदौड़ से मिल रही बड़ी राहत

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** बबीना विधानसभा क्षेत्र की जनता को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और उनकी रोजमर्रा की प्रशासनिक समस्याओं का समाधान करने के लिए विधायक राजीव सिंह पारीछा ने एक और सराहनीय कदम उठाया है। क्षेत्र भ्रमण और जनता दर्शन के दौरान ग्रामीणों को होने वाली व्यावहारिक दिक्कतों को भांपते हुए विधायक ने लक्ष्मीगेट बाहर, ओम शांति नगर स्थित अपने मुख्य कार्यालय में एक अत्याधुनिक 'जन-सहयोग केंद्र' प्रारंभ किया है। इस केंद्र के शुरू होने से बबीना क्षेत्र के नागरिकों को सरकारी दस्तावेजों को बनवाने और उनमें संशोधन कराने के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

भ्रमण और जनता दर्शन के अनुभवों से आया विचार

विधायक राजीव सिंह पारीछा ने बताया कि बबीना विधानसभा क्षेत्र के निरंतर भ्रमण और जनता दर्शन कार्यक्रमों के दौरान उन्हें लगातार यह अनुभव हो रहा था कि ग्रामीण क्षेत्र के सीधे-साधे लोगों को विभिन्न आवश्यक सरकारी दस्तावेज बनवाने, उनमें संशोधन कराने तथा जटिल विभागीय प्रक्रियाओं की सही जानकारी प्राप्त करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी गंभीर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने कार्यालय परिसर में ही इस विशेष जन-सहयोग केंद्र की स्थापना का खाका तैयार किया है, ताकि क्षेत्रवासी सहजता से यहां पहुंचकर आवश्यक परामर्श और सीधा सहयोग प्राप्त कर सकें।

एक ही छत के नीचे मिले रहा समाधान, जनसेवा ही संकल्प

इस जन-सहयोग केंद्र का मुख्य उद्देश्य आमजन को अनावश्यक भागदौड़ और दलालों के चंगुल से राहत दिलाना है। केंद्र पर कुशल सहयोगियों की टीम मौजूद रहती हैं, जो ग्रामीणों को विभिन्न कल्याणकारी सरकारी दस्तावेजों से संबंधित सटीक मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करेगी। विधायक ने स्पष्ट रूप से कहा कि, 'जनसेवा ही हमारा संकल्प है, और जनता की सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।' इस केंद्र के माध्यम से बबीना की जनता को अब एक ही स्थान पर सभी आवश्यक जानकारियां और सहायता उपलब्ध हो सकेगी। इस जन-उपयोगी घोषणा के बाद क्षेत्र की जनता ने विधायक के इस संवेदनशील विजन की जमकर सराहना की है।

दफ्तरों के चक्करों और दलालों से मिलेगी बड़ी मुक्ति

कागजी प्रक्रियाओं की समझ न होने से गरीब भटकते थे

हम जैसे ग्रामीणों को यह पता ही नहीं चलता था कि आय, जाति या राशन कार्ड में संशोधन के लिए कहाँ जाना है और कौन से कागज लगाने हैं। कई बार लोग जानकारी के अभाव में ठगे जाते थे। विधायक जी ने हमारे दर्द को समझा और अपने कार्यालय में ही यह केंद्र शुरू कर दिया। अब हमें सही मार्गदर्शन और सीधा सहयोग एक ही जगह मिल जाएगा।'

— रामेश्वर शरण, बुजुर्ग ग्रामीण एवं सेवानिवृत्त शिक्षक (बड़ागांव ब्लॉक)

विधायक जी का यह कदम सच्चे जनसेवक की पहचान है

आमतौर पर चुनाव जीतने के बाद नेता जनता के बीच नहीं जाते, लेकिन विधायक राजीव सिंह जी लगातार क्षेत्र में घूमते हैं। उन्होंने जनता दर्शन में लोगों की वास्तविक समस्या को देखा और तुरंत उसका समाधान निकाल दिया। लक्ष्मीगेट बाहर स्थित कार्यालय पर इस जन-सहयोग केंद्र के खुलने से हजारों परिवारों की भागदौड़ और पैसा दोनों बचेंगे।'

— संजय राजपूत, युवा सामाजिक कार्यकर्ता बबीना नगर क्षेत्र

# तीन साल से फरार सपा नेता केशभान सिंह पटेल ने कोर्ट में किया समर्पण, भेजे गए जेल

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** धोखाधड़ी और जानलेवा हमले के मामले में करीब तीन वर्षों से फरार चल रहे समाजवादी पार्टी के नेता केशभान सिंह पटेल ने सोमवार को विशेष न्यायाधीश एफटीसी कनिष्क कुमार की अदालत में समर्पण कर दिया। न्यायालय ने सुनवाई के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं उनकी ओर से सत्र न्यायाधीश की अदालत में दाखिल जमानत याचिका पर 24 जून को सुनवाई निर्धारित की गई है।

जानकारी के अनुसार चिरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडई निवासी एक व्यक्ति ने सीजीएम कोर्ट में परिवाद दायर कर आरोप लगाया था कि केशभान सिंह पटेल ने उसके पुत्र की सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर उससे पांच लाख रुपये लिए थे। बाद में कई बार कथित नियुक्ति पत्र दिए गए, लेकिन जांच में सभी दस्तावेज फर्जी पाए गए। जब पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी ने देने से इंकार कर दिया। परिवाद के अनुसार शिकायत किए जाने के बाद 2 मई 2022 को केशभान सिंह पटेल अपने पुत्र और अन्य साथियों के साथ लोहे की रॉड और डंडे लेकर पीड़ित के घर पहुंचे और उस पर हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित के सिर में गंभीर चोटें आईं। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने धारा 307 समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में आरोपियों को तलब किया था। बताया गया कि केशभान सिंह पटेल और अन्य आरोपी राहत पाने के लिए पहले हाईकोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे, लेकिन मेडिकल साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर उन्हें कोई राहत नहीं मिली। इस बीच न्यायालय लगातार उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर रहा था। अंततः सोमवार को केशभान सिंह पटेल ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया है। अब उनकी जमानत अर्जी पर 24 जून को सुनवाई होगी।

पुलिस की नाकामी

इस संबंध में एमएलसी डॉ.बाबूलाल तिवारी ने अपनी ही सरकार की पुलिस को कटघरे में खड़ा कर दिया। बताया कि मामले में पुलिस हाथ पैर हाथ रखे बैठी रही और आरोपी को समर्पण करने का पूरा मौका दिया इसे पुलिस की नाकामी ही कहा जाएगा।

# 28 साल की महिला और 3 बच्चों की मां ने प्रेमी से रचाई शादी, फिर कोर्ट के निकलते ही लव स्टोरी में आया नया ट्विस्ट

( यंग भारत न्यूज )



ग्वालियर से प्यार, शादी और अपहरण का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने सभी को हैरान कर दिया. आरोप है कि यहां एक 3 बच्चों की मां अपने पति को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गया.

हैरानी की बात ये है कि जिसके के साथ महिला भागी थी वे किरायेदार था और वहीं रहता था. इतना है कि नहीं यहां से भागने के बाद महिला ने अपने प्रेमी से कोर्ट मैरिज कर ली. इस बीच इसी सिलसिले में वे महिला कोर्ट में बयान देने पहुंची थी लेकिन वापस लौटते समय उसाका कथित अपहरण कर लिया गया है. क्या है पूरा मामला चलिए खबर में जानते हैं. दरअसल, मामला भिंड जिले का है. यहां एक 28 साल की महिला करीब 6 महीने पहले अपने पति और 3 बच्चों को छोड़कर अपने घर के किरायेदार रामेंद्र सिंह भदौरिया के साथ चली गई थी. इसके बाद दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली थी. दोनों मध्य प्रदेश से दूर उत्तर प्रदेश के कानपुर में छिपकर रहने लगे. वहीं इधर मामले में महिला के पहले पति रामू तोमर ने पुलिस में अपनी पतनी की गुमशुदगी और बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई दी.

इस बीच महिला ग्वालियर कोर्ट में बयान दर्ज करवाने अपने प्रेमी मेंद्र सिंह भदौरिया के साथ पहुंची. बयान देने के बाद महिला अपने प्रेमी के साथ कार में बैठकर रवाना हो गई. इस बीच रास्ते में कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी रोक ली. रामेंद्र सिंह का आरोप है कि रामू तोमर, कल्लू तोमर और उनके 10 से 15 साथियों ने कार पर हमला किया, उसके साथ मारपीट की और उसकी पत्नी को जबरन दूसरी गाड़ी में डालकर ले गए. पीड़ित प्रेमी रामेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि उसकी पत्नी अपने पहले पति रामू तोमर के साथ रहना नहीं चाहती. उसने पुलिस को दिए बयान में कहा कि हमलावरों में महिला का पूर्व पति, उसका भाई और पिता शामिल थे. पुलिस को दी गई शिकायत में रामू तोमर, सुमित तोमर और जूली तोमर सहित अन्य लोगों को नामजद किया गया है. ग्वालियर की सीएसपी हिना खान ने बताया कि शाम करीब 5 से 5:30 बजे के बीच इस अपहरण की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही शहर के सभी निकास द्वारों पर चेकिंग लगा दी गई है. पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि महिला का पूर्व पति रामू तोमर पहले भी कई बार कोर्ट में आवेदन लगा चुका था. प्रथम दृष्ट्या मामला पति-पत्नी के आपसी विवाद और महिला के दूसरे व्यक्ति के साथ रहने की इच्छा से जुड़ा नजर आ रहा है. पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्य खंगालना शुरू कर दिया है. पुलिस को उस गाड़ी का नंबर भी मिल गया है जिससे महिला को ले जाया गया है. सीएसपी हिना खान का कहना है कि पूर्व पति रामू तोमर भिंड का रहने वाला है और उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही महिला को बरामद कर लिया जाएगा और आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा.

# मौसी के गांव की लड़की आ गई पंसद, आधी रात को मिलने पहुंचा तो. गांव वालों ने करवा दी शादी, बिहार में एक विवाह ऐसा भी

( यंग भारत न्यूज )



बिहार के सीवान जिले से एक अनोखी शादी का मामला सामने आया है. यहां भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के महना गांव में रात के अंधेरे में प्रेमिका से मिलने पहुंचे एक प्रेमी को परिजनों और ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया.

इसके बाद जो हुआ, उसने इस प्रेम कहानी को एक बेहद खूबसूरत मुकाम दे दिया. ग्रामीणों और परिजनों ने मिलकर दोनों की आपसी सहमति से मंदिर में शादी करा दी. इस अनोखी शादी का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. जानकारी के मुताबिक, मछगरा गांव के रहने वाले महंथ प्रसाद के बेटे निरंजन कुमार की मौसी महना गांव में रहती हैं. करीब एक साल पहले निरंजन अपनी मौसी के घर एक शादी समारोह में शामिल होने आया था. इसी दौरान उसकी मुलाकात गांव की ही पुष्पा कुमारी से हुई. दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई, मोबाइल नंबर एक्सचेंज हुए और देखते ही देखते यह दोस्ती गहरी मोहब्बत में बदल गई. रविवार की सुबह गांव के सरपंच प्रभुनाथ राय, जिला पार्षद प्रतिनिधि ममेन्द्र यादव और पैक्स अध्यक्ष राजू राय समेत कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी में पंचायत बैठी. दोनों परिवारों और प्रेमी जोड़े की रजामंदी के बाद रविवार सुबह एक स्थानीय मंदिर में दोनों की धूमधाम से शादी करा दी गई. यह शादी पूरे इलाके में मिसाल बन गई है क्योंकि यह पूरी तरह से दहेज मुक्त और आदर्श तरीके से संपन्न हुई. शादी के बाद एक बेहद खूबसूरत पल भी देखने को मिला. जब मांग में सिंदूर भरने के बाद प्रेमिका (अब पत्नी) पुष्पा ने निरंजन के पैर छूने चाहे, तो निरंजन ने सम्मान के साथ उसे रोक लिया. इस पूरे मामले की सबसे अच्छी बात यह रही कि दोनों परिवारों ने परिपक्वता दिखाई. किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई. आपसी सहमति से मामला सुलझने के बाद नवविवाहित जोड़ा हंसी-खुशी अपने घर लौट गया है. दूल्हा-दुल्हन ने शादी के बाद कहा- हम इस शादी से बेहद खुश हैं. हमारे प्यार को घर वालों ने अपनाया, इससे ज्यादा हमें और कुछ नहीं चाहिए था.

# मोदी सरकार के 12 वर्ष : विश्वास, विकास और गरीब कल्याण के स्वर्णिम वर्ष - तरुण चुघ

## 2014 का भारत उपेक्षाओं का था, 2026 का भारत उपलब्धियों का है - तरुण चुघ

( यंग भारत न्यूज )




**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद श्री तरुण चुघ जी ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर झांसी में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। यह 12 वर्ष केवल सरकार के कार्यकाल नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास, संकल्प और विकास की नई गाथा के वर्ष हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की बागडोर संभाली थी तब भारत विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, जबकि आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह परिवर्तन देशवासियों के विश्वास और प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। श्री चुघ ने कहा कि वर्ष 2014 में देश में केवल 74 एयरपोर्ट थे, जो आज बढ़कर 164 से अधिक हो चुके हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 91 हजार किलोमीटर से बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर से अधिक हो गई है। जहां वर्ष 2014 में प्रतिदिन 11.6 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण होता था, वहीं आज प्रतिदिन 34 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हो रहा है। देश का मेट्रो नेटवर्क 248 किलोमीटर से बढ़कर 1,095 किलोमीटर से अधिक हो गया है और 20 से अधिक शहर मेट्रो सेवाओं से जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। आज 99 प्रतिशत से अधिक ब्रॉडगेज रेलवे नेटवर्क का विद्युतीकरण हो चुका है। देश में 160 से अधिक वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है तथा 1337 रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आधुनिकीकरण किया जा रहा है। झांसी एवं ललितपुर रेलवे स्टेशन भी इस योजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय महामंत्री श्री तरुण चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीब कल्याण को शासन का केंद्र बनाया है। पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। आज 81 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। देश में 58 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोले गए हैं और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लाखों करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजे गए हैं, जिससे भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। जल जीवन मिशन के माध्यम से 16 करोड़ से अधिक घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया गया है तथा 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर देश को खुले में शौच की समस्या से मुक्ति दिलाने का कार्य किया गया है। महिलाओं के सशक्तिकरण का उल्लेख करते हुए श्री चुघ ने कहा कि उज्ज्वला योजना के माध्यम से लगभग 11 करोड़ गैस कनेक्शन दिए गए हैं। 32 करोड़ से अधिक महिलाओं के जनधन खाते खोले गए हैं। 3 करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं तथा 4.5 करोड़ से अधिक सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व का नया अधिकार मिला है। किसानों के हित में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि सीधे हस्तांतरित की गई है। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से करोड़ों किसानों को आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई है तथा सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं से कृषि क्षेत्र को नई मजबूती मिली है। बुंदेलखंड क्षेत्र में केन-बेतवा लिंक परियोजना किसानों के लिए वरदान सिद्ध होने जा रही है। श्री चुघ ने कहा कि डिजिटल इंडिया आज विश्व के लिए एक मॉडल बन चुका है। आज दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म है। वर्ष 2014 में डिजिटल भुगतान लगभग नगण्य था, जबकि आज भारत विश्व का नंबर-1 डिजिटल भुगतान तंत्र बन गया है। 2.14 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जोड़ा गया है तथा करोड़ों लोग डिजिटल रूप से सशक्त हुए हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में भारत मोबाइल फोन आयात करता था, जबकि आज भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता देश बन चुका है। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 1.9 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 11.3 लाख करोड़ रुपये हो गया है। मोबाइल निर्यात में 163 गुना वृद्धि हुई है। देश में 2.06 लाख से अधिक स्टार्टअप और 120 से अधिक यूनिकॉर्न कार्यरत हैं। पीएलआई योजना के माध्यम से लाखों रोजगार सृजित हुए हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय में उन्होंने कहा कि आज का भारत आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई करने वाला भारत है। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और आतंकवाद के खिलाफ कठोर नीति ने यह सिद्ध कर दिया है कि नया भारत अपनी सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विकास के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक विरासत को भी नई पहचान दी है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक, पंचतीर्थ और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जैसे कार्य भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। झांसी-ललितपुर क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए श्री चुघ ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, बीडा, बल्क ड्रग पार्क, मेडिकल कॉलेजों का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण, स्मार्ट सिटी परियोजनाएं तथा अनेक विकास कार्य इस क्षेत्र को नई पहचान देने का कार्य कर रहे हैं अंत में श्री तरुण चुघ ने कहा कि वर्ष 2014 का भारत संभावनाओं का भारत था, जबकि वर्ष 2026 का भारत उपलब्धियों, आत्मविश्वास और विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ता हुआ भारत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य निश्चित रूप से प्राप्त करेगा। इस अवसर पर झांसी-ललितपुर के लोकप्रिय सांसद श्री अनुराग शर्मा जी, सदर विधायक श्री रवि शर्मा जी, बबीना विधानसभा के विधायक श्री राजीव सिंह पारिछा जी, विधान परिषद सदस्य श्री रामतीर्थ सिंघल जी, महापौर श्री बिहारीलाल आर्य जी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पवन गौतम जी, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री सुधीर सिंह जी सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी, पार्टी पदाधिकारी, देवतुल्य कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718